आचार्य कुन्दकुन्द कृत

समयसार का दार्शनिक चिन्तन

(प्रो० डॉ० ए० चक्रवर्ती द्वारा लिखित
समयसार की अँग्रेज़ी प्रस्तावना का
हिन्दी रूपान्तरण)

अनुवादक

डॉ० भागचन्द्र जैन, 'भास्कर' नागपुर

प्रकाशक

श्री दिगम्बर जैन साहित्य संस्कृति
संरक्षण समिति
दिल्ली

समयसार का दार्शनिक चिन्तन

प्रो० डॉ० ए० चक्रवर्ती द्वारा लिखित

समयसार की अँग्रेजी प्रस्तावना का हिन्दी रूपान्तरण

अनुवादक

डा० भागचन्द्र जैन 'भास्कर'
अध्यक्ष पालि-प्राकृत विभाग
नागपुर विश्वविद्यालय, न्यु एक्सटेंशन एरिया
सदर नागपुर-४४०००१ फोन न० ५४१७२६

प्राप्तिस्थान

१) साहित्य विक्रय केन्द्र
श्री दि० जैन अतिशय क्षेत्र
श्री महावीर जी जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

२) श्री दि० जैन साहित्य सस्कृति
संरक्षण समिति
डी-३०२, विवेक विहार, दिल्ली-

प्रकाशक

श्री दिगम्बर जैन साहित्य सस्कृति
सरक्षण समिति
डी-३०२, विवेक विहार, दिल्ली-६५ फोन नं० २१५२२४४

प्रथम सस्करण-१९९५
प्रतियां - १०००
मूल्य - ३५/-
ISBN 81-900470-4-3

SAMAYASARA KA DARSHANIK CHINTAM

(INTRODUCTION TO THE SAMAYASARA WRITTEN BY
PROF. A. CHAKRAVARTI IN ENGLISH)
TRANSLATED IN HINDI BY
DR. BHAG CHANDARA JAIN 'BHASKAR'

समर्पण

साहित्य–संस्कृति–संरक्षण–समिति के प्रेरणा स्रोत
तीर्थ–विकासोपदेशी, परम तपस्वी, बहुभासी,
परमज्ञानी, महाकवि, लेकख, प्रेरक, साहित्यकार,
अभीक्ष्णज्ञानोपयोगी, चरित्र–चक्रवर्ती,
युग–प्रधानाचार्य, महान् सन्त,
श्री १०८ आचार्य गुरुवर्य श्री
'विद्यासागर' जी मुनिराज
के कर–कमलों में
सविन्य–सस्नेह
समर्पित

प्रस्तुत प्रकाशन के संबंध में दो शब्द

आचार्य कुन्दकुन्द प्राकृत भाषा के लेखकों में अग्रणी हैं। यदि हम यह कहें कि वे भारतीय चिन्तको एवं ग्रन्थकारों में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान् रखते हैं और वे जनमानस में बडी श्रद्धा के साथ आसीन हैं तो अत्युक्ति न होगी। यद्यपि उनसे पूर्व और उनके बाद सहस्रों चिंतक और ग्रन्थकार हुए हैं पर उनके प्रति लोक का सर्वाधिक आदर और सम्मान है। इसका कारण यह है कि उन्होने अपने विपुल एवं असाधारण प्राकृत वाङ्मय के द्वारा भारतीय संस्कृति को अध्यात्मिक एवं तत्त्वज्ञान प्रधान विचार और आचार प्रदान किये हैं तथा उसे अद्‌भुत ढंग से प्रभावित किया है।

भारतीय साहित्य में प्राकृत भाषा के महापण्डित के रूप में तथा इस भाषा में निबद्ध सिद्धांत ग्रन्थो के रचयिता के रूप में भी उनका नाम अत्यंत विश्रुत एवं सर्वोपरि है। तीर्थंकर महावीर और उनके साक्षात् आद्य शिष्य गौतम इन्द्रभूति गणधर के उपरात आचार्य कुन्दकुन्द का स्मरण किया जाता है। यथा–

मंगलं भगवान् वीरो, मगल गौतमो गणी।
मगल कुन्दकुन्दाद्यो, जैनधर्मोस्तु मंगलम्।।

कुन्दकुन्द के काल मे तीन भाषायें अधिक प्रचलित थीं– १ संस्कृत, २ प्राकृत और ३ पालि। यतः संस्कृत विद्वानों एवं ब्राह्मणों की भाषा समझी जाती थी, वह जनसाधारण की भाषा नहीं थी। अतः कुन्दकुन्द ने जनसाधारण के हित की दृष्टि से उसे न अपनाकर उनकी प्राकृत भाषा को अपनाया। उनकी भावना थी कि वे अपने अनुभव और उपदेश को जनसाध ारण तक पहुचाये। पालि उस समय एक वर्ग विशेष की भाषा मानी जाती थी। उतः उन्होंने उसे भी न अपनाकर सामान्यतया प्राकृत जनों की भाषा शौरसेनी प्राकृत को चुना।

कहा जाता है कि उन्होंने विभिन्न विषयो पर चौरासी पाहुडों [प्रकरण ग्रन्थों] की रचना की। तथा आचार्य पुष्पदंत–भूतबलि कृत षट्खंडागम नाम के आगम ग्रंथ की विशाल टीका का भी प्रणयन किया था। पर आज उनका यह पूरा साहित्य उपलब्ध नहीं है। फिर भी जो प्राप्त है वह इतना प्रभावपूर्ण है कि उससे सारा जैन वाङ्मय उद्दीप्त एव दैदीप्यमान है। उनकी उपलब्ध रचनायें निम्न प्रकार हैं–

१ समयसार २ प्रवचनसार ३ पंचास्तिकाय ४ नियमसार ५ दसणपाहुड ६ चारित्त पाहुड ७ सुत्त पाहुड ८ बोध पाहुड ६ भाव पाहुड १० मोक्ख पाहुड ११ सील पाहुड १२ लिंग पाहुड १३ बारस अणुवेक्खा १४ सिद्ध भक्ति १५ सुद भक्ति १६ चारित्त भक्ति १७ योगि–भक्ति १८ आचार्य–भक्ति १६ निर्वाण–भक्ति २० पंच गुरु–भक्ति और २१ गोतमसामी स्तुति।

इन रचनाओं के सिवाय कुछ विद्वान रयणसार और मूलाचार को भी उनकी रचनायें मानते हैं। परन्तु उनका साहित्यक और वैषयिक सूक्ष्म अध्ययन करने पर वे उनके साहित्य और विषय से मेल नहीं खाते। अनेक समीक्षक विद्वानो का भी यही मत है।

कुन्दकुन्द के साहित्य का समीक्षात्मक अध्ययन विशेषतः प्रवचनसार का अध्ययन विद्वानों ने किया है। उनमे डॉ० ए० एन० उपाध्ये कोल्हापुर का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने यह अध्ययन ग्रन्थ के आमुख में आंग्ल भाषा द्वारा प्रस्तुत किया है। उसका हिन्दी अनुवाद प्रो० एल० सी० जैन ने किया है। और उसका प्रकाशन हमारी ही समिति द्वारा हुआ है। इसी प्रकार डॉ० चक्रवर्ती मद्रास ने समयसार का अध्ययन कर उसकी महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना इंग्लिश में लिखी है उसका हिन्दी अनुवाद जैन सस्कृति के जाने-माने विद्वान डॉ० भागचन्द जैन 'भास्कर' नागपुर ने किया है, जो पाठकों के हाथ मे है। इसके लिए हम उन्हें समिति की ओर से धन्यवाद देते हैं। यह हिन्दी अनुवाद आज श्री दिगम्बर जैन साहित्य सस्कृति-संरक्षण समिति दिल्ली द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

इस अवसर पर हम परमपूज्य आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी के चरणो मे विनम्र विनयाञ्जलि समर्पित करते है, जिनकी सत्प्रेरणा से ही हमें इस दिशा मे बढने का सामर्थ्य प्राप्त हुआ।

हम प्रो० ए० चक्रवर्ती को भी सश्रद्ध स्मरण करते हैं, जिन्होंने इस ग्रन्थ की अंग्रेजी में महत्त्वपूर्ण प्रस्तावना लिखी और हमें डॉ० भागचन्द जी द्वारा उसका हिन्दी रूपांतरण कराने का सुअवसर मिला। हम दोनो महानुभावों के अत्यंत आभारी है। पुस्तक के प्रकाशन में प्रूफ रीडिंग मे श्री कुन्दन लाल जैन, विश्वास नगर दिल्ली ने अकथ परिश्रम किया है, वे भी धन्यवाद के पात्र हैं यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पाठकों की सुविधा का ध्यान रखकर हमने प्रथम पृष्ठ पर अग्रेजी और उसीके के सामने वाले पृष्ठ पर हिन्दी रूपातरण प्रस्तुत किया है।

यह प्रसन्नता की बात है कि साहित्य प्रकाशक के प्रति असीम लगन रखने वाले लाला शिखरचन्द जी जैन विवेक विहार, दिल्ली द्वारा संस्थापित दिगम्बर जैन साहित्य-संस्कृति-सरंक्षण समिति से उस का यह प्रकाशन हो रहा है। हम उन्हे भी नहीं भूल सकते। इसी तरह इस प्रकाशन में कागज प्रदान कर श्री विजेन्द्र कुमार जैन सुपुत्र स्व० श्री रत्न लाल जैन (भटगांव वाले) १००४, त्रीनगर दिल्ली-३५ एवं श्रीमती सावित्री जैन धर्म पत्नी श्री एन० के० जैन १२४/१ सैनिक-फार्म, नई दिल्ली-६२ ने जो योगदान दिया है उसके लिए भी हम उनको हृदय से धन्यवाद देते हैं। सुन्दर प्रकाशन के लिए प्रेस को भी धन्यवाद देते है।

बीना-इटावा
सागर [म०प्र०]-४७०११३
११-६-१९६५

(डॉ०) दरबारीलाल कोठिया
अध्यक्ष
श्री दिगम्बर जैन, सा. सं० संरक्षण समिति

अनुवादकीय वक्तव्य

आचार्य कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन सम्प्रदाय के एक महनीय आध्यत्मिक और दार्शनिक सन्त हुए हैं जिन्होंने अपने माषिक चिन्तन और आचार निष्ठ दृढता से समयकालीन चिन्तकों को बेहद प्रभावित किया। समयसार, प्रवचनसार आदि उनके ग्रन्थ आज भी दीप स्तम्भ का काम कर रहे हैं। धार्मिक और सामाजिक आन्दोलनों की भूमिका में उनके ग्रन्थों का अध्ययन निश्चित ही एक अहं भूमिका अदा कर सकतें है।

आचार्य कुन्दकुन्द ई० की प्रथम शताब्दी के आचार्य थे। उन्हें चतुर्थ या षष्ठ शताब्दी में खीचना दूर की कौडी होगी। अभी इस विषय पर यहा कुछ कहना अप्रासंगिक होगा। इस प्रश्न पर हम अपनी पृथक् पुस्तक में विस्तार से चर्चा कर रहे हैं।

कुन्दकुन्द के समग्र ग्रन्थों के तुलनात्मक अध्ययन से इतना तो स्पष्ट आभास होता है कि उन्होंने पदार्थ के स्वरूप पर नये ढग से चिन्तन करने के लिए समग्र भारतीय चिन्तकों को विवश कर दिया। शकराचार्य ने तो कहीं शब्दश: और कहीं अर्थश: अनुकरण कर उनके प्रति अपना सम्मान् व्यक्त किया है। यह क्षेत्र वस्तुत: अभी और शोध-खोज की मांग कर रहा है।

प्रोफेसर ए० चक्रवर्ती कुन्दकुन्द के ग्रन्थों के एक मर्मज्ञ अध्येता रहे है। समयसार् के अनुवाद के साथ उन्होंने जो भूमिका लिखी है वह पौर्वात्य और पाश्चात्य दार्शनिको को समझने के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर जी की प्ररेणा से सस्थापित जैन साहित्य सस्कृति संरक्षण समिति ने अपने अल्पकाल मे ही कुछ नये प्रकाशन कर प्रशसनीय काम कर लिया है। समाजसेवी भाई शिखर चन्द जी निरपेक्ष भाव से इस सस्थान की देख-रेख कर रहे हैं। तन-मन-धन से वे उसके उद्देश्यो की पूर्ति में जुटे हुए है। उनकी कर्मठ समाजसेवी वृत्ति पर हम सभी को नाज़ है।

डॉ० ए०एन० उपाध्ये द्वारा लिखित प्रवचनसार की भूमिका के हिन्दी रूपान्तरण के प्रकाशन के बाद समयसार और पचास्तिकाय की भूमिका को भी इसी तरह प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया

है। आचार्यश्री ने भी इसे उपयोगी मानकर सराहा है।

समयसार की अंग्रेजी भूमिका का अनुवाद कार्य जिन विद्वान मित्र को सौंपा गया वे किन्ही वैयक्तिक परिस्थितियों के कारण उसका प्रारम्भ भी नहीं कर सके। काफी समय यों ही निकल गया। पर चूकि प्रकाशन का समय निश्चित किया जा चुका था इसलिए उसकी सीमा के भीतर ही प्रकाशित करने का एक नैतिक उत्तरदायित्व की रेखा मस्तिष्क में घूम रही थी। यह देखकर भाई शिखरचन्द्र जी ने इस अनुवाद कार्य को मेरे सिर पर रख दिया। साहित्यिक कार्यों की अत्यन्त व्यस्तता के बावजूद उनके आत्मीयता भरे आग्रह को टाला भी नहीं जा सका। इसलिए अन्ततः मैने उसे स्वीकार कर लिया और रात दिन जुटकर थोडे ही समय में उसे पूरा कर दिया।

प्रो० चक्रवर्ती की भूमिका व्यासपद्धति मे लिखी गई है। लम्ब-लम्बे मिश्रवाक्यो से भाषा उलझी भी लगती है। इससे अनुवादक का काम भी कठिन-सा हो जाता है। हमने इस सदर्भ मे पूरी कोशिश की है कि पाठक को भी उस कठिनाई से न जूझना पड़े। इसलिए यथासभव भाषा सरल और वाक्य छोटे-छोटे कर दिये है। पुनरावृत्ति को भी टालने का प्रयत्न किया है। आशा है समान्य पाठक गण इसका ध्यान रखकर ही प्रस्तुत अनुवाद का मूल्याकन करेगे। यह अनुवाद यदि उन्हे उपयोगी सिद्ध हो सका तो हम अपना श्रम सार्थक मानेगे।

कस्तूरबा बाचनालय के पास
गाधी चौक, सदर,
नागपुर-४४०००१
फोन न० ५४१७२६
दि० २६.११.१९९५

डॉ० भागचन्द जैन 'भास्कर'
उपाध्यक्ष
जैन साहित्य संस्कृति
सरक्षण समिति

विषयानुक्रमणिका

आचार्य कुन्द-कुन्द कृत

समयसार का दार्शनिक चिन्तन

INTRODUCTION

1. Self in European Thought

Man's development in all aspects may be described as an attempt to discover himself. Whether we take the development of thought in the East or the West, the same principle 'Know thyself' seems to be the underlying urge. When we turn to the West we find that the beginnings of philosophy are traced to the pre-Socratic period of Greek civilisation.

GREEK PHILOSOPHY

That was a period of culture where Greeks had a form of religion according to which their Gods, Athene and Apollo, were superhuman personalities trying to help their favourite Greeks by taking part in all their struggles. This naive popular form of religion very soon gave place to a flood of scepticism organised by the school of Sophists. They began to challenge some of the fundamental concepts of religion and ethics. It was, when this process of social disitegration was going on, that we find Socrates appearing on the scene. Though he was one of the Sophists himself, he was actuated by a higher ideal of salvaging what remained of the destructive analysis of Sophism. For this purpose he began to question and to find out the so-called educated individuals of the Athenian society. This process of questioning with the object of discovering whether the opponent knew anything fundamental about religion and ethics was designated as the "Socratic Dialectic". He would catch hold of a person from the market-place who was eloquently haranguing about justice or goodness and questioned what he meant by the Just or the Good. When the opponent gives an instance of what is just or what is good and defines the concept on the same principle, Socrates would confront him with an exception to that definition. This would force the apponent to modify his definition. This process of debating will go on till the opponent gets confounded in the debate and is made to confess that after all he was ignorant of the nature of the fundamental concepts. By this process

प्रस्तावना

1. पाश्चात्य विचारधारा में आत्मा की कल्पना

सभी क्षेत्रों में मनुष्य द्वारा किया हुआ विकास ही मनुष्य का स्वय को खोजने का प्रयास कहा जा सकता है। यह वैचारिक विकास चाहे पूर्व में हो या पश्चिम मे, "अपने को जानो" यही तत्त्व उसकी मौलिक प्रेरणा है। पाश्चात्य जगत में दर्शन (Philosophy) का आरभ ग्रीक संस्कृति के प्राक–सॉक्रेटिस कालखड में माना जाता है।

ग्रीक दर्शन

ग्रीको के धर्म में अथेन और अपोलो ये दोनों अतिमानव ग्रीको के सघर्षों में उनका साथ देने के कारण देवता बन गये थे। ग्रीक के इस लोकप्रिय सीधे–सादे धर्म सम्प्रदाय ने सोफिस्टों के सदेहवाद या अनीश्वरवाद को जन्म दिया। सोफिस्टों ने धर्म और नीति के मूल आधार पर ही चुनौती देना शुरू किया। जब यह सामाजिक पृथक्करण की प्रक्रिया चल रही थी तभी सॉक्रेटिस का प्रवेश हुआ। खुद सोफिस्ट होते हुए भी वादों के विश्लेषण से बचे हुए तत्त्वो को सुरक्षित रखने का उच्च ध्येय उसने स्वीकारा था। इसलिए वह अथेनियन समाज मे तथाकथित सुशिक्षित कौन–कौन हैं इसका पता प्रश्नो के माध्यम से लगाता रहा। विरोधी व्यक्ति धर्म और नीति के बारे मे जानता है या नहीं इसका पता लगाने मे सॉक्रेटिस जो सवाल करता था, उसी का नाम है सॉक्रेटिस तर्कशास्त्र। बाजार में न्याय–अन्याय, अच्छा–बुरा क्या है इस पर प्रभावक वकतृत्व देने वालों को पकड़कर सॉक्रेटिस उसकी व्याख्या के अपवाद बताया करता था। सहज तरीके से प्रतिवादी व्यक्ति अपनी व्याख्या मोड़ लेता था। इसी वाद–विवाद में विरोधी जब न्याय और शुभ का उदाहरण देता तब सॉक्रेटिस उसके अपवाद मे प्रश्न खड़े कर देता था। इसी पुनः परीक्षण द्वारा सॉक्रेटिस अथेन्स के माने हुए विद्वानों का झूठा अभिमान और खालीपन समाज

of cross-examination Socrates exposed the utter vanity and hollowness of the so-called learned Sophists of Athens. Then he realised himself and made others realise how shallow was the knowledge of the so-called scholar. That was why he obtained the singular testimony from the Delphic Oracle that he was the wisest man living because he knew that he knew nothing. This process of dialectical anylysis so successfully employed by Socrates resulted in the building up of the Athenian Academy which gathered under its roof a number of ardent youths with the desire to learn more about human personality and its nature.

Plato, a disciple and friend of Socrates, was the most illustrious figure of the school. In fact all that we know about Socrates and the conditions of thought about that period are all given to us by Plato through his immortal Dialogues. He systematized the various ideas revealed by his master, Socrates. He constructed a philosophical system according to which sense-presented experience is entirely different from the world of ultimate ideas which was the world of Reals. He illustrates this duality of human knowledge by his famous parable of the cave. According to this parable, human being is but a slave confined inside a cave chained with his face towards the wall. Behind him is the opening through which all-illuminating sunshine casts shadows of moving objects on the walls of the cave. The enchained slave inside the cave is privileged to see only the moving shadows which he imagines to be the real objects of the world. But once he breaks the chain and emerges out of the cave he enters into a world of brilliant light and sunshine and comes across the real objects whose shadows he was constrained to see all along. Man's entry into the realm of reality and realization of the empty shadow of the sense-presented world is considered to be the goal of human culture and civilisation by Plato. Instead of moving in the ephemeral shadows of the sense-presented world, man ought to live in the world of eternal ideas which constitute the scheme of Reality presided over by the three fundamental ideas--Truth, Goodness and Beauty.This duality of knowiedge necessarily implies the duality of human nature. Man has in himself this dual aspect of partly living in the world of realities and partly in the world of senses. The senses keep him down in the world of shadows whereas his true nature of reason urges him

को दिखाता था। इस तरह वह तथाकथित पंडितंमन्यों के तलस्पर्शी ज्ञान को लोगों के समक्ष अनावृत करता था। वह खुद कुछ नहीं जानता इसी ज्ञान के कारण सॉक्रेटिस को डेल्फी के देवता ने ग्रीकों का सबसे अच्छा पंडित होने का प्रमाण दिया था। सॉक्रेटिस की इसी विश्लेषण पद्वति ने उसे सफल बनाया और इसी के कारण अथेनियन ॲकेडेमी का विकास हुआ। मनुष्य का स्वभाव और अंतः स्वरूप को जानने के इच्छुक अनेक उत्साही तरूण इस ॲकेडेमी मे आते थे।

सुकरात (Socrates) का एक शिष्य व मित्र प्लेटो (plato) इस ॲकेडेमी का अत्यत प्रसिद्ध विद्वान था। वस्तुत· सॉक्रेटिस के और उसकी समकालीन विचारधारा के बारे में जो भी हम जानते है वह सब प्लेटो ने ही अपने अमर सवादो द्वारा हमे दिया है। अपने गुरु साक्रेटिस के विभिन्न विचार प्लेटो ने व्यवस्थित किए। उसने एक दार्शनिक विचार सप्रदाय बनाया। उसके अनुसार इद्रियो के द्वारा हमे प्राप्त होनेवाला अनुभव सत्य विश्व के अंतिम विचारो से पूर्णतया भिन्न है। मनुष्य के ज्ञान की इस द्विविध स्थिति को प्लेटो एक प्रसिद्ध गुहारूप द्रष्टान्त के माध्यम से स्पष्ट करता है। कल्पना कीजिए–पकडकर लाए हुए एक गुलाम को गुहा में हाथ–पाँव बॉधकर दीवाल की ओर मुह कराके बांध दिया गया है। उसके पीछे से सर्व–प्रकाशक सूर्य की किरणों द्वारा गुहा की भित्ति पर हिलनेवाले पदार्थों की छाया दर्शानेवाला एक छिद्र या द्वार है। बॅधा हुआ आदमी हिलती हुए छाया को ही केवल देख सकता है और उसीको जगत के असली पदार्थ मानने पर मजबूर हो जाता है कितु एक बार वह अपनी श्रृखला तोड़कर यदि बाहर आ जाय तो वह प्रकाशमान जगत में ही प्रवेश करेगा, और जिसकी केवल छाया वह अब तक देखता था वह सब असली पदार्थों का समूह देख सकेगा। असली जगत मे प्रवेश करके इद्रियानुभव का विषय केवल एक खाली छाया मात्र है, यही साक्षात्कार कराना ही प्लेटो के विचारों में मानवीय सस्कृति और सभ्यता का ध्येय हो सकता है। इंद्रियानुभव के क्षणिक छायारूप जगत में विचरण के बजाए मनुष्य को शाश्वत विचार–जगत में ही जीना चाहिए। वही सत्य जगत है जिसमें सत्य, शिव, और सौंदर्य रूप तीन कल्पनायें सर्वप्रभावी हैं। ज्ञान की यह द्विविध स्थिति

on to regain his immortal citizenship of the ultimate world of ideas. On the basis of this conflict of reason and the senses, Plato builds up a theory of ethics according to which man should learn to restrain the tendencies created by Senses through the help of Reason and ultimately regain his lost freedom of the citizenship in the world of Ideas. The two worlds which he kept quite aparat the world of ideas and the world of sense perception, were brought into concrete relation with each other by his successor Artistotle who emphasised the fact that they are closely related to each other even in the case of concrete human life. Human personality is an organised unity of both reason and sense and hence the duality should not be emphasised too much to the discredit of the underlying unity in duality.

A few centuries after Socrates, we find the same metaphysical drama enacted in the plains of Palestine. The Jews who belived to be the chosen people of Jehovah claimed the privilege of getting direct messages from Him through their sacred prophets, the leaders of the Jewish thought and religion. On account of this pride of being the chosen people they maintained a sort of cultural isolation from others whom they contemptuously called Gentiles. A tribe intoxicated with such a racial pride had the unfortunate lot of being politically subjugated by more dominant races such as the Egyptians, the Babylonians, and finally the Romans.

CHRISTIAN THOUGHT

When Palastine was a province of the Roman Empire ruled by a Roman Governor there appeared among the Jews a religious reformer in the person of Jesus of Nazareth. As a boy he exhibited strange tendencies towards the established religion and ethics which sometimes mystified the Jewish elders congregated in their temples

अवश्य ही मनुष्य के अंतर की दुविधा दर्शाती है। अंशतः सत्यजगत मे और अंशतः ऐन्द्रिय जगत् में जीना मनुष्य के स्वभाव का ही एक भाग है। इंद्रियां उसे छाया जगत में नीचे रखती हैं, जबकि उसका बुद्धि रूप असली अश उसे विचारों के अंतिम विश्व का अमर नागरिक बन जाने की प्रेरणा करता रहता है। बुद्धि और इदियों के संघर्ष के आधार पर प्लेटो नीति का एक सिद्धांत निश्चित करता है, जिसके अनुसार मनुष्य को इंद्रियो द्वारा निर्मित प्रवृत्तियों का नियमन करने का अभ्यास करना चाहिए, और तब उसे बुद्धि की सहायता से विचार –विश्व की खोई हुई नागरिक स्वतंत्रता फिर से हासिल हो सकती है। प्लेटो ने विचार और इद्रियानुभव को अलग–अलग कर दिया। उनका परस्पर सम्बन्ध उसके उत्तराधिकारी **ॲरिस्टाटल (Aristotle)** ने निश्चित रूप में दिखाया और कहा कि यह सम्बन्ध मानवीय जीवन मे स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मनुष्य का व्यक्तित्व बुद्धि और इदियानुभव, दोनों से बना है। इसलिए इन दोनो में निहित अद्वैत जिससे बाधित हो सके ऐसी द्वैत भाव पर जोर देने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

सॉक्रेटिस के कई सदियों बाद पॅलेस्टाइन (Palestine) की भूमि पर यही आध्यात्मिक नाटक फिर से हुआ। यहूदी लोग वहां पर स्वय को जेहोवा देवता के चुने हुए प्रियजन मानते थे। उन्होंने जेहोवा के सदेश अपने पवित्र सतों के माध्यम से साक्षात् रूप से मिलने का दावा किया। चुने हुए प्रियजन होने के गर्व से उन्होंने अपने को दूसरो से सांस्कृतिक दृष्टि से अलग होना पसंद किया और वे दूसरो को निदा व्यजक 'जेन्टाइल्स' (नास्तिक) पद से पुकारने लगे। जातिगत अभिमान का उन्माद होने से उन्हें इजिप्शियन्स, बेबिलोनियन्स्, और अन्ततः रोमन्स जैसे अधिक प्रभावशाली लोगों से राजकीय पराधीनता सहन करनी पडी।

क्रिश्चियन विचारधारा

जब पॅलेस्टाइन रोमन गव्हर्नर द्वारा शासित रोमन साम्राज्य का एक हिस्सा था, नाझारेथ (Nazareth) के जीसस नाम के एक धर्म सुधारक का आविर्भाव हुआ। बाल्यावस्था में ही उसने प्रचलित धर्म और नीति के क्षेत्र मे ऐसी विचित्र प्रवृत्तियो का प्रदर्शन किया

and places of worship. After his twelth year we know nothing about his whereabouts till he reappears at the age of thirty in the midst of the Jews with an ardent desire to communicate his message. When he began his mission, the Jewish society was marked by an extreme type of formalism both in religion and ethics. The scholars among them who were the custodians of the religious scriptures--Pharisees and Scribes--were so much addicted to the literal interpretation of their dogmas and institutions that they pushed into the background the underlying significance and spirit of the Hebrew thought and religion. In such a society of hardened conservatives, Jesus of Nazareth first appeared as a social curiosity evoking in them an intellectual shock which ended in hatred. Here was a person whose way of life was a challenge to the established traditions of the Hebrew religion. He freely moved with all classes of people, disregarding the social etiquette. The elders of the Hebrew society therefore were shocked when they found the so-called reformer moving freely with the publicans and sinners. When challenged he merely replied that only the sick required the healing powers of a doctor. He was once again questioned why he openly violated the established rules of conduct according to the Hebrew religion. He answered by saying, 'Sabbath is intended for man and not man for sabbath', thereby procaliming to the world in unmistakable terms that the various institutions, social and religious, are intended for helping man in his spiritual development and have no right to smother his growth and impede his progress. He enthroned human personality as the most valuable thing, to serve which, is the function of religious and ethical institutions. He told the Pharisees and Scribes frankly that the kingdom of God is within. Though in this conflict between the new reformer and the old order of Pharisaism the latter succeeded in putting an end to the life of the new leader, they were not able to completely crush the movement. His disciples recruited from the unsophisticated Jewish society firmly held fast to the new ideas of the Master and went about all corners of the country publicising this new message. From the Roman province of Palestine they made bold to enter into Rome, the very capital city of the empire, and ardently preached what they learnt from their Master. They were suspected to

जिसने यहूदियों के मंदिरों के ज्येष्ठ अधिकारियों को विस्मित कर दिया। बारह साल से तीस वर्ष की आयु तक जीसस कहां रहा, कोई नहीं जानता। तीस साल की आयु मे वह फिर एक बार यहूदियों में अपना सदेश देने की तीव्र लालसा से पहुचा। जब उसने अपने कार्य का सूत्रपात किया, यहूदी समाज धर्म और नीति दोनों में एक व्यवहारवादिता की पराकाष्ठा पर आधारित समाज था। उनके धर्मग्रन्थों के जो रक्षक या विद्वान् प्रवक्ता थे वे, फारिसी और स्क्राइब, अपने ग्रथों के और तत्त्वों के अक्षरार्थ पर इतने आदी हो गए थे कि उन्होने हिब्रू विचार और धर्म के निहित महत्त्व और सारार्थ को पृष्ठभूमि में रख दिया। ऐसे कठोर पुरातनवादी मताभिमानी समाज मे जीझस (gesus) ने सर्व प्रथम एक सामाजिक जिज्ञासा जागृत की और बौद्धिक धक्का देकर उसमें विद्वेष उत्पन्न किया। हिब्रू धर्म की दृष्टि से वह अपने इस आचरण के कारण प्रस्थापित परंपरा को एक चुनौती बन गया। सामाजिक रीतिरिवाज न मानते हुए वह सब वर्गों के लोगों में मिलता था। सामान्य नागरिक और पापी लोगो के बीच स्वच्छंदता पूर्वक विचरण करते उस को देखकर सुधारक यहूदियो के ज्येष्ठों को आघात पहुंचा। उनके प्रश्न करने पर उसने इतना ही कहा कि डॉक्टर की उपचार–शक्ति की जरूरत रुग्ण को ही तो पडती है। उससे फिर पूछा गया कि हिब्रू धर्म के प्रस्थापित आचार काड को उसने क्यो बाधा पहुंचाई? उसने उत्तर दिया, सॅबाथ (विश्रांतिवार) मनुष्य के लिए है, न कि मनुष्य सॅबाथ के लिए। इसका स्पष्ट मतलब यही था कि सब सामाजिक धार्मिक सस्थाए व्यक्ति को अपनी आध्यात्मिक साधना मे सहारा देने के लिए है और इसीलिए उनको व्यक्ति की उन्नति में बाधा पहुंचाने का कोई अधिकार नही। उसकी दृष्टि से मनुष्य का व्यक्तित्व सर्वोपरि मूल्यवान है। सब धार्मिक और नैतिक सस्थाए उसी की सेवा करने के लिए है। उसने फारिसी वर्ग को स्पष्ट शब्दों मे बता दिया कि ईश्वर का राज्य अपने अन्दर है। पुरातनवादी फारिसी और नवसुधारक के आपसी सघर्ष में पुरातनमतानुयायी नवसुधारकों को नष्ट कर देने मे सफल भले ही हुए, पर वे सुधारकों की विचारधारा को पूर्णतया नष्ट नहीं कर पाये। उसके शिष्य अशिक्षित समाज से आए थे। उन्होंने अपने गुरू की नई कल्पनाओं को दृढता

be a sub-versive organisation and persecuted by the Roman authorities. Undaunted and uncrushed by persecution the movement was carried on in the catacombs till the new idea permeated to a large section of the Roman population. The Romans had hitherto a naive realistic form of religion after the pattern of the Greek Religion of the Homeric Period. The advent of Christianity resulted in the breaking down of these primitive religious institutions of the Romans. This breakdown of traditional Roman religion brought many recruits to the new faith from the upper strata of Roman society, till it was able to convert a member of the Imperial houshold itself. The condition of the Roman society was extremely favourable to this wonderful success of the new faith.

The Roman Empire which had the great provincial revenues pouring into the Imperial Capital converted the Roman citizens from ardent patriots of the Roman Republic into debased and demoralised citizens of the Imperial Capital sustained by the doles offered by the provincial pro-consuls. They were spending their time in witnessing demoralising entertainments and in luxuries. For example, the Roman citizens were entertained in the amphitheatre to witness the slaves being mangled and torn by hungry lions kept starving for this purpose. It is no wonder that such demoralised social organisation completely collapsed when it had the first onslaught from a more powerful idea and certainly a more soul-stirring message.

The Roman Empire became the Holy Roman Empire in which there was a coalition of the authority of the States with that of the Church. This Holy Roman Empire which had the Church and the State combined had rendered wonderful service to the whole of Europe by taking the barbarian hoardes of various European races and converting them into chivalrous Christian knights by a strict religious desicipline imposed on them by the various self-sacrificing orders of the medieval monasteries. This education of the inferior races through strict discipline enforced by the Roman Church had in its own turn a drawback cautioned against by the founder of Cristianity. The Roman Church so jealously guarded its power influence that it did not

से पकड़कर रखा। इतना ही नहीं, वे दुनिया के हर कोने मे उसका सदेश प्रचारित करने के लिए गये। पॅलेस्टिाइन से उन्होंने रोम जाने का साहस किया और साम्राज्य की राजधानी में उन्होंने गुरू के उपदेश को भक्ति पूर्वक प्रवचन के माध्यम से प्रस्तुत किया। उनको विध्वसक समझकर रोमन अधिकारियो ने उन्हे संत्रस्त किया। इस सत्रास से न डरते हुए उन्होंने विचारो के इस आन्दोलन को गुहाओ तक पहुचा दिया। तब नई कल्पनाएं रोम के लोगों मे प्रसृत होने लगी। उस काल तक रोमन लोगो का धर्म होमर के ग्रीक धर्म के समान एक सरल साक्षात् यथार्थवादी धर्म था। रोमनों की आदिम धर्म सस्थाए खिश्चियन धर्म के आघात से विनष्ट होने लगीं। रोमनो के पारंपरिक धर्म को विनष्ट होते देखकर रोमनो के उच्च वर्ग नए धर्म मे दीक्षित होने लगे, और आखिर सम्राट् के घर का ही एक सदस्य उसमे शामिल हो गया। रोमन साम्राज्य की यह अवस्था खिश्चियन धर्म के आश्चर्यकारक सिद्धि के लिए बहुत अनुकूल थी।

राजधानी मे आने वाले करों की धनसपत्ति ने रोमन प्रजासत्ता के देश भक्तों को अधिकारियो से बल पाने वाले भ्रष्ट और अनैतिक नागरिक बना दिया था। वे अपना काल अनैतिक मनोरजन में और ऐशोआराम मे व्यतीत करने लगे थे। बुभुक्षित सिहो से पिजरो में गुलामो को फाडते हुए देखना उनका मनोरजन था। अतः आंतरिक हलचल मचा देने वाले आंदोलन के आघात से उनका पतन स्वाभाविक था।

रोमन साम्राज्य का परिवर्तन पवित्र रोमन साम्राज्य में हुआ। चर्च और राज्य के अधिकारियों का उसमे सहयोग था। मध्यकालीन मठो ने यूरोप के बर्बर भ्रमणकारी टोलियों को आत्मसमर्पण की दृष्टि से कठोर धर्माचारो के नियमो के उपदेश से उदार खिश्चियन बनाकर पवित्र रोमन साम्राज्य ने पूरे यूरोप पर बहुत उपकार किया। कठोर आचार नियमों के माध्यम से कनिष्ठ रोमनियों को सुधारने का शिक्षण चर्च द्वारा अवश्य दिया गया। मगर खिश्चियन धर्म संस्थापक द्वारा ही उन्हें एक दोष या कमी उत्पन्न होने की सूचना भी दी गई थी। चर्च ने इतनी मत्सर दृष्टि से अपने अधिकारो

promote any kind of free intellectual development suspected to be of a nature incompatible with the established traditions of the Church. This process of disciplinary suppression of the development of human intellect went for several centuries which are designated as the "dark ages" by the historians of Europe. But human intellect can never be permanently suppressed like that.

Renaissance

There were murmurs and revolts within the Church itself. The unwarranted assumption of the priest-craft that it formed the intermediary between man and God was openly challenged. This movement of reform within the Church had strange co-operative forces from other sources. In the field of astronomy, Copernicus introduced his new and modern conception of the constitution of the Solar system which completely displaced the old Ptolemaic astronomy accepted by the Church. The earth which was considered to be the centre of the Universe around which the heavenly bodies moved for the purpose of shedding light on the earth's surface, was relegated to a minor planet among the several planets revolving round the sun which forms the centre of the Solar system. This astronomical revolution suddenly introducted a new angle of vision opening up immense possibilities of research revealing the wonders of an infinite Universe.

Similarly the discovery of the new world by Columbus introduced a revolution in geographical knowledge revealing new routes of travel and conquest unknown to Alexander the Great, who had to turn back from the banks of the Indus because his army would not move any further, as they thought they were approaching the ends of the earth. To add to these two discoveries there was the flight of the Greek scholars towards Rome as a result of the conquest of Constantinople by the Turks. These Greek scholars carried with them rich treasures of Athenian culture, which was a revelation to the

का रक्षण किया कि प्रस्थापित परंपरा के विरुद्ध जाने के स्वभाव दिखाने वाली किसी भी स्वतंत्र बौद्धिक साधना को चर्च ने प्रश्रय नहीं देने दिया। कई सदियोंतक उपदेशों से बुद्धि के विकास पर नियंत्रण डालने वाली यह प्रक्रिया चलती रही। इस काल को यूरोप के इतिहासकारों ने 'अंधायुग' कहा है। परंतु मनुष्य की बुद्धि शाश्वत काल के लिए कभी भी नियंत्रित नही की जा सकती है।

पुनर्जागरण (Renaissancie)

चर्च के अतर्गत विद्रोही विचार पनप रहे थे। पुरोहितो का यह असमर्थनीय दावा कि चर्च ईश्वर और मनुष्य के बीच का एक माध्यम है, एक चुनौती खडा करने वाला था। चर्च में ही सुधार की मांग करने वाले, इस आदोलन को बाहर से भी सहयोग करने वाली शक्तिया सामने आयी। ज्योतिष के क्षेत्र मे कापर्निकस ने सौरमण्डल की रचना से सबन्धित अपना एक नया सिद्धान्त प्रस्तुत किया जिसमे चर्च द्वारा स्वीकृत टालमी के खगोल–ज्योतिष का स्थान ले लिया। पृथ्वी को विश्व का केन्द्र समझकर प्रकाश देने के हेतु पृथ्वी के वर्तुलाकार मार्ग मे गृहतारादि भ्रमण करते है, यह कल्पना दूर रखकर, पृथ्वी के सौरमण्डल मे जो उनके ग्रह परिक्रमा करते रहते हैं, उसी मे पृथ्वी को एक कनिष्ठ ग्रह के रूप मे समाविष्ट किया गया। खगोलीय क्षेत्र मे आए हुए इस परिवर्तन के परिणाम स्वरूप एक नया दृष्टिकोण अचानक प्राप्त हुआ और अनंत विश्व के आश्चर्यकारक रूप दिखाई देनेवाले संशोधन के लिए बहुत सम्भावनायें प्रस्फुटित हुई।

इसी तरह कोलंबस (columbus) द्वारा पहली बार अन्वेषित नया जगत् (अमेरिका) भौगोलिक क्षेत्र मे भी एक परिवर्तन लानेवाला था, जिसने प्रवास के अनेक नये रास्ते दिखाए। अलेक्झांडर (Alexander) को सिधु नदी के किनारे से ही अपनी सेना लौटानी पडी, क्योंकि उसके विचार से वही पृथ्वी का अंत था। अब उसको अज्ञात अनेक विजय पाना संभव हो गया। इसके अलावा तुर्कों द्वारा कॉस्टँटिनोपल जीतने के बाद ग्रीक विद्वान् रोम तक पहुंचे। ये ग्रीक विद्वान् अथेनियन सस्कृति अपने साथ वहा ले गये। मध्यकालीन यूरोप

starved intellect of the medieval Europe, an intellect which had nothing but the Churistian Bible and Aristotle's logic to feed upon. This wonderful Athenian culture and civilisation had produced a fervour of enthusiasm among the few thinking individuals of medieval Europe who devoted themselves to the development of the new arts such as architecture, sculpture, painting, music etc. The whole movement is called Renaissance or the rebirth, when man discovered his true nature. This movement of Renaissance incorporated with the religious Reformation ushered in the new world of Europe which was so fruitful of important results, such as the origin and growth of modern science, a new intellectual development which completely transformed the modern world. The growth of modern science resulted in a conflict between the established religion and the new Thought.

The intellectual development just after the Renaissance took two different forms, one associated with Francis Bacon, who emphasised the importance of experimental method adopted by science, and the other associated with Descartes who emphasised the mathematical method as the necessary intellectual discipline for the reconstruction of philosophy.

Bacon And Scientific Method

Francis Bacon who felt the inadequacy of the old Aristotelian method on intellectual discipline proposed a new method suitable for modern scientific research, in his book called 'Novum Organon'--The New Instrument. This new method suitable for scientific research, Bacon describes in detail. According to him it should neither be purely imaginary as the spider's web spun out of its own body nor should it be merely mechanical collection of facts by observations like the ant. Scientific method must adopt the way of the honey-bee which collects material from various sources and transforms them into useful honey. Such an intellectual transformation of facts observed will ultimately unlock the secrets of Nature for the benefit of man. Such a discovery of Nature's secrets for the purpose of utilizing them for social reconstruction ought to be the ideal of science according to Bacon. In order to successfully apply such a scientific method, Bacon prescribes certain conditions as a necessary intellectual preparation. Generally the mind of a scientist may be crammed with certain

को अपुष्ट बुद्धि के लिए वह एक नया साक्षात्कार था। उनके लिए अब तक केवल खिश्चनों का बायबल और ॲरिस्टॉटल का तर्कशास्त्र था। अथेनियन सस्कृति शिल्प कला, वास्तुविद्या, चित्रकला, संगीत आदि नई कलाओं के विकास के लिए स्वय को समर्पित करने वाले जो थोड़े से विद्वान् मध्ययुगीन यूरोप मे थे उनमें नई चेतना और उत्साह का निर्माण हुआ। इस आदोलन को रेनेसान्स याने पुनर्जन्म कहते है जिससे मनुष्य को अपने असली स्वभाव का पता चला। यह आन्दोलन धर्मसुधार के आन्दोलन से मिला, और एक नये यूरोप को सामने लाया, जिसमे आधुनिक विज्ञान की नई विचारधारा ने आधुनिक जगत को पूर्णतया बदल दिया। आधुनिक विज्ञान की प्रगति के साथ–साथ प्रस्थापित धर्म और नई विचारधारा का सघर्ष उत्पन्न हुआ।

रेनेसान्स के बाद मे मनुष्य की बुद्धि का जो विकास हुआ उसने दो अलग आकार अपनाये। एक तो विज्ञान मे स्वीकृत प्रयोगात्मक पद्धति का महत्त्व जतानेवाला फ्रान्सिस बेकन (francis bacon) का सम्बन्ध था और दूसरा दर्शन की पुनर्रचना के लिए आवश्यक बौद्धिक आयाम की गणितीय पद्धति जताने वाला देकार्त (Descartes) से जुडा था।

बेकन और वैज्ञानिक पद्धति

फ्रान्सिस बेकन को ॲरिस्टॉटल की प्राचीन बौद्धिक शिक्षण कला मे अपूर्णता महसूस हुई। उसने अपनी न्यू इन्स्ट्रमेण्ट (Novum Origanon) नामक किताब में आधुनिक वैज्ञानिक सशोधन के लिए उपयुक्त होने वाली एक नयी पद्धति विस्तार से प्रस्तुत की। उसके अनुसार वह मकोडे के जाल की तरह अपने मे ही सन्तुष्ट होकर कल्पनाविलास मय न होनी चाहिए थी, और न ही पिपीलिका की तरह केवल निरीक्षण के आधार पर घटनाओं का यंत्रवत् सग्रह करनेवाली अपेक्षित थी। उसे तो विविध स्रोतो में से मधुमक्खी की तरह उपयुक्त सामग्री जमाकर संग्राह्य मधुकोश बनाने वाली एक नई पद्धति होनी चाहिए थी। घटनाओ को बुद्धि द्वारा परिणत कराने से ही लाभदायक निसर्ग रहस्य खुल सकता है। निसर्ग के रहस्य की खोज सामाजिक पुनर्निमाण के लिए उपयोजित करना बेकन के

traditional beliefs and superstitions. Such preconceived notions which Bacan called 'Idola' should be entirely got rid of and the student of science should approach Nature with an unbiassed open mind which alone will give a correct insight into the Laws of Nature. This experimental method prescribed by Bacon if adopted by a student of science will give inductive generalisations relating to the constitution of Nature and her Laws, generalisation which would be a certain amount of high probability. Though the inductive generalisations arrived at by scientific research do not have the absolute certainty, characteristic of mathemetical propositions, they were considered by Bacon to be of great practical value for the benefit of mankind. The attitude has been perfectly justified by the development of modern science with the practical application of scintific generalisations which have transformed the life of man in the modern world. Such a reconstruction of human society based upon scientific achivements was foreseen by Bacon in his essay on the New Atlantis. This new experimental approach to Nature has conquered for science, realm after realm, departments of Nature as Astronomy, Physics, Chemistry, Geology etc. This successful conquest of the realms of Nature by science resulted in complete elimination of mind of man as a factor for interpretation of natural events. This elemination of consciousness, completely, from the field of research ultimately resulted in scientific reconstruction of nature as a huge mechanical system in which the Law of Causation was the only principle of operation. In this mechanical system all events are guided by necessary causal conditions. There is no scope of intellectual interference either to modify or to suppress the occurrence of natural events according to the desires of man. The old thought which entertained the possibility of interference with the natural events by supernatural agencies was completely discredited as a pure mythology having no place in the realm of Nature, whose constitution is revealed to the student of Science. This inductive method adopted by modern science finally resulted in the generalisation of conservation of mass and energy as the basis of nature and in relegation of consciousness to an extremely subordinate place as a sort of a by-product in the operation of natural events. Such a generalisation suggested by the physical science was also adopted by Charles Darvin to explain the phenomena relating to the animal kingdom. He also fell in with the general trend of physical science and formulated his famous Law of Evolution, based upon natural selection and survival of the fittest. This principle of explanation of the origin of species also relegated consciousness as an

अनुसार विज्ञान का लक्ष्य हो सकता है। ऐसी पद्धति लागू करने के लिए बेकन आवश्यक बौद्धिक सुसज्जता का उद्देश्य लेकर शर्तें रखता है। सामान्यतः देखने में आता है कि वैज्ञानिक का मन कुछ न कुछ पारंपरिक श्रद्धा और अंधविश्वास में जकड़ जाता है। ऐसी पूर्व गृहीत कल्पनाओ को बेकन 'आयडोला' कहता है, जिनसे उसे मुक्त होना चाहिए। विज्ञान के छात्र का मन पूर्व कल्पनाओं से मुक्त होना आवश्यक है। ऐसे साफ मन से ही यदि निसर्ग की तरफ वह लग जाए, तो वही एक रास्ता निसर्ग नियमो का आकलन करा देगा। बेकन की यह प्रायोगिक पद्धति निसर्ग रचना और निसर्ग नियम सम्बन्धित अनुगामी तत्त्वो (Inductive Generalisations) को हम तक पहुचा सकती है, जो संभाव्यता की दृष्टि से बहुत विश्वसनीय होगी। ऐसे तत्त्व गणितीय सिद्धातों की तरह पूर्णतया निश्चित न होते हुए भी, मनुष्य के हित के लिए बहुत व्यवहारिक रूप से लाभदायक हो सकते हैं। आधुनिक विज्ञान ने ऐसे ही तत्त्वो से मनुष्य का जीवन बदल डाला है। इससे बेकन की विचारधारा परिपुष्ट हो जाती है। 'नयू अटलांटिस' नामक अपने निबन्ध मे बेकन ने वैज्ञानिक प्रगति के आधार पर मानव समाज की ऐसी ही पुनर्रचना की कल्पना की थी। इसी पद्धति ने आगे विज्ञान के खगोल–भूविज्ञान–पदार्थ विज्ञान–रसायन आदि अनेक क्षेत्र जीत लिए। इस अप्रत्याशित सिद्धि के फलस्वरूप निसर्ग घटनाओं के अर्थांकन मे मन को पूरी तरह निकाल दिया गया और परिणामतः निसर्ग की वैज्ञानिक पुनर्रचना को एक ऐसी यान्त्रिक पद्धति बना दिया गया, जिससे कारणतावाद (Law of Causation) ही केवल कार्य सिद्धात बन गया। इस यान्त्रिक पद्धति मे हर कोई निसर्ग की घटना आवश्यक कारणो से बनते ध्यान मे आयी। ऐसी घटनाओ को बदलने मे या उन पर प्रतिबध डालने मे अपनी इच्छानुसार मनुष्य की बुद्धि असमर्थ हो गई। पहले की तरह नैसर्गिक घटनाओं में मनुष्य का अतिमानवीय साधनो से हस्तक्षेप पूरी तरह नकारा गया, जिसका निसर्ग–विज्ञान में केवल पुराणकल्पना के अलावा कोई स्थान नहीं। अनुगामी पद्धति का अवलबन करते ही आधुनिक विज्ञान को जड़ और शक्ति (mass and energy) का सरक्षण निसर्ग के मूलाधार मे मिला। नैसर्गिक प्रक्रिया मे मनुष्य की चेतना (consciousness) केवल एक सहोत्पादित वस्तु की तरह गौण बनी। भौतिक विज्ञान द्वारा सूचित किया हुआ

unnecessary factor not required for the explanation of life phenomena which he considered to be quite intelligible on the same principle of mechanical Law of Causation. This intellectual attitude which attempted to explane both the organic and the inorganic realms of nature purely on the principle of mechanical Law of Causation was designated Naturalism as contrasted with prescientific thought which introduced supernaturalism. Such was the state of modern thought at the end of 19th century. But this triumph of Naturalism was openly challanged in the beginning of the 20th century especially by Biologists and Psychologists who exposed the inadequcy of the naturalistic method of interpretation in dealing with biological and psychological phenomena. This open challenge to Naturalism which started in the beginning of the present century had led to the recognition of consciousness as an important factor in the evolution process of both biological and psychological and restored consciousness to its own status of dignity and importance. Such challenge and the consequent recognition of the importance of consciousness which is relevent to our general enquiries as to the nature of the self will be dealt with later on.

CARTESIANISM : MATHEMATICAL METHODS

In the Meanwhile let us turn to Descartes. He was a mathematician and philosopher and he formulated another method necessary for the reconstruction of philosophy. Being a mathematician he wanted to reconstruct metaphysics on certain foundation. Just as Euclid started with certain undeniable and axiomatic propositions on the basis of which he raised the whole structure of mathematics, Descartes attempted to examine human experience and discovered some absolutely certain and undeniable propositions as the foundation for metaphysical reconstruction. Like Bacon he also prescribes certain preliminary conditions as necessary preparation for such a course. He examines the contents of human experience in order to find out whether there is any thing of the nature of mathematical certainty, which cannot be challenged by anybody. All the traditions and principles accepted on the authority of a great person or of the Church, principles, and beliefs on which the religious and moral aspects of human life are based, he found to be open to challenge and denial. The very fact that every religious dogma or moral principle has a rival or opponent in another system reveals the inadequacy of such religious

वह सिद्धांत चार्ल्स डार्विन ने प्राणिजगत के स्पष्टीकरण मे स्वीकृत किया। इसी के आधार पर डार्विन ने नैसार्गिक चयन और समर्थतम का अस्तित्व इन दो तत्त्वो पर उत्क्रांति सिद्धांत प्रतिपादित किया। उसके अनुसार प्रजातियों के निर्माण को स्पष्ट कराने में चेतना तत्त्व का कोई उपयोग नहीं। जीवन प्रक्रिया स्पष्ट करने के लिए यान्त्रिक कारणतावाद काफी है। जैविक और अजैविक दोनों का केवल कारणतावाद के आधार पर बौद्धिक विश्लेषण निसर्गवाद कहलाने लगा। विज्ञान की इस प्रगति के पहले अतिनिसर्ग भी एक घटक माना जाता था। उन्नीसवी सदी के अत तक यही स्थिति बनी रही। मगर इसके बाद प्राणिशास्त्रज्ञ और मनोवैज्ञानिक अपने–अपने क्षेत्र मे इस पद्धति के दोष दिखाकर चुनौती देने लगे। परिणाम स्वरूप प्राणिविज्ञान और मनोविज्ञान में चेतना तत्त्वो को एक आवश्यक घटक के रूप मे स्वीकार किया गया और उसे अपनी प्रतिष्ठा और महत्ता पुनः प्राप्त हुई। इस चुनौती को और चेतना की महत्ता को आत्मस्वरूप का विवेचन करते समय आगे और स्पष्ट किया जाएगा।

कार्टेशियनिझम् : गणितीय पद्धतियाँ

उससे पहले देकार्तेकी ओर जरा ध्यान देंगे। देकार्ते एक गणितज्ञ और दार्शनिक था, जिसने दर्शन की पुनर्रचना करने के उद्देश्य से आवश्यक एक दूसरी पद्धति तैयार की। गणितज्ञ होने के नाते उसे अध्यात्म के लिए निश्चित आधार चाहिए था। युक्लिड ने ऐसे ही अप्रतिषेध्य और गृहीत सिद्धातों का सहारा लेकर अपनी गणित की रचना सिद्ध की थी। देकार्ते ने मनुष्य के अनुभव का निरीक्षण किया तो उसे भी ऐसे ही अप्रतिषेध्य और निश्चित सिद्धात मिले। दर्शन की पुनर्रचना हेतु उसने भी कुछ आवश्यक शर्तें रखीं, जैसी बेकनने रखी थीं। मानवीय अनुभव के निरीक्षण मे वह गणित जैसा निश्चित रूपवाला कोई सिद्धांत देखने के लिए उत्सुक था। ऐसे सिद्धांत को कोई चुनौती दे, वह नही चाहता था। सभी परपराए, किसी व्यक्ति द्वारा बताए गए तत्त्व, चर्च के सिद्धांत और विश्वास जो मनुष्य के धार्मिक और नैतिक जीवन का आधार बन गये थे, उसने पाया कि उनपर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो सकता था या उनका अपलाप होना संभव था। प्रत्येक धार्मिक तत्त्व या नैतिक सिद्धांत का विरोधी तत्त्व दूसरे सप्रदाय में होता है। यही बात धार्मिक श्रद्धाओं

beliefs. Since they lack the absolute certainly of mathematical propositions they could not be taken as the basis for philosophical reconstructions. Even the sense-presented world, Descartes finds to be inadequate as the world of sense-presented experience is liable to illusions and hallucinations and hence the object of the sense-presented world cannot be taken to be of absolute certainty. Thus step by step he clears the whole of human experience as inadequate foundation for philosophy according to his mathematical principle. Is there ho intellectual salvation? Does such a sceptical analysis of our experience leave nothing to the student? Descartes says there is one thing which is absolutely certain. Even if we doubt every item of experience the act of doubt cannot be denied. That there is thought even when in the process of challenging experience must be accepted as an undeniable fact. If we accept thinking as an undeniable fact we have necessarily to accept some entity which is responsible for such a thinking. Thus he arrived at the famous conclusion Cogito Ergo Sum I think, therefore, I am. Such a sceptical analysis through which Descartes approached the problem of metaphysics led him to the thinking self as of absolute certainty whose reality cannot be doubted at all. This principle of Cogito Ergo Sum forms the foundation of what is known as Cartesianism, a philosophical reconstruction just after the Renaissance in Europe.

Because thought exists therefore the soul exists, is a proposition which emphasises the relation between a substance and its essential attribute. The principle of cogito is an inference from the reality of an essential attribute to the substance in which the attribute inheres. The metaphysical bedrock on which Descartes wanted to raise a superstructure was thus arrived at through a sceptical analysis of human experience. Having arrived at this inevitable conclusion Descartes tries to bring back all those ideas which he dismissed as improbable and unreal. When he examines the contents of thought he is able to perceive certain ideas entirely distinct in nature from the ideas acquired through senseperception. The latter are only contingents whereas the former are found to be necessary and certain. All ideas relating to mathematics are such necessary ideas. These cannot be contradicted; hence they are absolutely certain. Such necessary ideas which he calls "innate" must be traced to a different origin

की अपर्याप्तता घोषित करती है। उनमें गणितीय निश्चितता न होने से तत्त्वज्ञान की पुनर्रचना के लिए उनका कोई उपयोग नहीं। अनुभव मे आनेवाला जगत भी देकार्ते को अपर्याप्त लगता है, क्योंकि इंद्रिय द्वारा मिलनेवाला अनुभव माया और भ्रम हो सकता है। इसलिए ऐसे अनुभव का विषय निश्चित रूप वाला नहीं हो सकता। इसी तरह देकार्ते गणितीय पद्धति के आधार पर सब अनुभव तत्त्वज्ञान के लिए अनुपादेय सिद्ध करता है। बौद्धिक मुक्ति के लिए क्या और कोई मार्ग नहीं? तार्किक विश्लेषण से मानवीय अनुभव में क्या और कोई चीज अभ्यास करने के लिए नही बचती? देकार्ते कहता है, है एक चीज जो पूर्णतया निश्चित है। अनुभव का हर एक अंश यदि संशयग्रस्त हो गया, तो भी संशय एक ऐसा तत्त्व है जिसका निषेध नही किया जा सकता। फिर इस चुनौती भरे अनुभव मे विचार भी ऐसा तत्त्व है जो नकारा नही जा सकता। और अगर विचार का निषेध नहीं हो सकता, तो विचार के लिए कोई वस्तु आवश्यक होगी ही। इसी विचारधारा से उसने सिद्धात बनाया–कोजिटो एर्गो सम् (cogito ergo sum)--मै विचार करता हू इसलिए मै हूँ। इसी तार्किक विश्लेषण से देकार्ते ने अध्यात्म का चितन किया, और जिसका अस्तित्व संशय के परे है ऐसा 'विचार करने वाला आत्मा' एक तत्त्व रूप मे उसने पाया। कार्टेशियनिझम (Cartesianism) का मूलभूत तत्त्व यही है जो यूरोप मे पुनर्जागरण के बाद आया।

विचार है, इसलिए आत्मा भी होना चाहिए यह सिद्धांत वस्तु और उसके मौलिक गुण के पारस्परिक सम्बन्ध पर जोर देता है। 'विचार कर रहा हू' यह अनुमान का कारण वस्तु में निहित गुण की सत्यता पर ही आधारित है। इस तरह अनुभव के तार्किक विश्लेषण से देकार्त अपनी नयी आध्यात्मिक संरचना के मूल तक जा पहुचा। इस मूलाधार तक पहुचते ही उसने पहले जिन कल्पनाओं को असंभव और असत्य कहकर नकारा था, उन्हीं को फिर वापस लाया। विचार के आशय का निरीक्षण करते समय वह ऐंद्रियक अनुभव में आयी कल्पनाओ से भिन्न प्रकार की कल्पनाओं का सामना करता है। इंद्रियानुभव जन्य विचार सापेक्ष व प्रासंगिक होता है, जबकि उससे भिन्न विचार आवश्यक और निश्चित प्रकार का ही होता है। गणित की सभी कल्पनाए आवश्यक प्रकार की ही होती हैं। उनका

ऐसे उपादान कारण से बना है जैसे स्वप्न की रचना की जाती है। फिर भी वेदान्त इस निष्कर्ष पर पहुंचता है। पाश्चात्य विचारधारा में भी समान रूप से यह सिद्धान्त पाया जाता है। काण्ट बाह्य ससार की इन्द्रियग्राह्यता को स्थापित करते हुए बर्कले के आदर्शवाद पर आक्रोश प्रगट करते है और उसके खण्डन के लिए पूरा एक अध्याय लिख डालते हैं। बर्कले एक सर्व साधारण सिद्धान्त का सजातीय हो सकता है फिर भी काण्ट पश्चिम में और शंकर पूर्व मे अपने ही निष्कर्ष के विरोध मे बात करते हुए दिखाई देते है। अपने लिए यह तथ्य इस दृष्टि से उपयोगी है। आदर्शवाद, जो एक दार्शनिक विचारधारा का प्रमुखवाद माना जाता है, अपनी पहचान को छिपाना चाहता है। साधारण संसार से और प्रयत्न करता है कुछ भिन्न रूप से प्रस्तुत करने के लिए।

द्वितीय अध्याय के अतिम भाग मे सृष्टिवाद के विषय में पुन. विचार किया गया है। वेदान्त के अनुसार सृष्टि की कोई प्रक्रिया नही होती। कल्प काल में ससार की प्रगति और अवनति होती है पर मात्र दृष्टि मे। यदि सृष्टि विकास या प्रगति की यथार्थ प्रक्रिया है तो वे सकारण रूप से साख्य का खण्डन नही कर सकते। कपिल का अव्यक्त एक मूल विषय है। परन्तु वेदान्त इस अव्यक्त को एक बौद्धिक ब्रह्म के रूप मे स्थापित करता है। अव्यक्त से आकाश आता है। आकाश से फिर क्रमश. वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी का उदय होता है। सृष्टि का यह विवरण वैदिक मन्त्रो और उपनिषदो में मिलता है। ब्रह्म द्वारा निर्मित ये तत्त्व पुनः विपरीत क्रम में आयोजित होते है। इस तरह सृष्टि का वर्णन करते हुए आगमिक ग्रन्थ ब्रह्म सूत्र से व्याख्या की मांग करते है। वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार आकाश नित्य और अकृत है। वह शब्द का आधार है। इस वैशेषिक सिद्धान्त का विरोध ब्रह्मवाद से होगा। वहां दो नित्य हो जाएंगे आकाश और ब्रह्म। फलतः वेदान्त दर्शन हठात् यह प्रस्थापित करता है कि वैशेषिक दर्शन की आकाशिक अनन्तता अद्वितीय है और उन्हें यह मानना चाहिए कि ब्रह्म ने आकाश की सृष्टि की है। सांख्य के अनुसार विकास का केन्द्र बिन्दु है अचेतन प्रकृति। वेदान्त दर्शन बुद्धि और अहंकार की मानसिक प्रकृति पर जोर देता है। परन्तु सांख्य दर्शन की दृष्टि में ये अचेतन प्रकृति से उत्पन्न हुए हैं।

entities from Acetana Prakrti. Buddhi and ahamkara are therefore considered as the manifestation of Brahma or Sat Similarly the Naya and Vaisesika view of Self is rejected by Brahma-Sutras. Nyaya-sutras maintain that the individual souls are uncreated. In this respect the Vedantic doctrine conflicts with Nyaya and Vaisesika view. Though the Vedantic accepts the uncreated and eternal nature of individual selves in a way still he does not recognise the substantiality thereof. Individuality is an illusion for him. Birth and death, creation and destruction of the individual souls are all due to the body. The self in itself is beyond birth and death. Its essence is Cetana. Hence the view of the Brahamasutras is different from that of the Vaisesika school according to which consciousness is an accidental quality of the Self brought about by its contact with manas or mind.

The doctrine of the size of the Atman is next criticised in the Brahma-sutras. The atomic size of Atman is as old as the Upanisad. This doctrine is accepted by the Vaisesikas. The Brahma-sutras reject this view in spite of the Upanisadic authority. To speak of the size of soul or atman is to confound its nature with body. The categories of spatial magnitude are inadequate to describe the soul which is intrinsically of the nature of thought and the spiritual entity may be spoken of either as an atom or as an infinite. It may be both infinitesimal as well as infinite. The individual self is also a karta or agent. He is able to act and thus he is able to produce karma. Being the author of karma he is obliged to enjoy the fruits thereof. Karta must be bhokta also. In this respect the Vedantic view is different from the Samkhyan system where Purusa is merely the enjoyer and not an actor. But when we examine more closely the Vedantic view the *prima facie* objection disappears. Activity is not the intrinsic quality of the soul Activity is due to its accidental conjunction with the body. In the technical language of Vedanta Atma becomes a karta only because of the Physical conditions or Upadhi. On account of the same upadhi it becomes a bhokta. Thus action and enjoyment are both due to extraneous conditions. The so-called upadhis are constituted by the several indriyas or sense-organs. In this respect many doctrines are common to Samkhya and the Vedanta. The activity of the

ब्रह्मसूत्र इसलिए सही आलोचना करता है कि सांख्य का चेतना सिद्धान्त अचेतन प्रकृति से अस्तित्व में आता है। इसलिए बुद्धि और अहंकार ब्रह्म या सत् की अभिव्यक्ति है। इसी तरह न्याय और वैशेषिकों के आत्म सिद्धान्त को भी ब्रह्मसूत्र ने अस्वीकार कर दिया है। न्यायसूत्र के अनुसार वैयक्तिक आत्मायें अकृत हैं। इस संदर्भ में वेदान्तिक सिद्धान्त न्याय–वैशेषिकों के विरोध मे दिखाई देता है। यद्यपि वेदान्त वैयक्तिक आत्मा को अकृत और अनित्य मानता है पर उसकी यथार्थता को स्वीकार नही करता। वैयक्तिकता उसके लिए मात्र भ्रम है। आत्मा का जन्म और मरण, स्थिति और विनाश सभी कुछ शरीर के कारण होता है। आत्मा जन्म–मरण से परे है। चेतना उसका सत्व है, सार है। परिणामतः ब्रह्मसूत्र का सिद्धान्त वैशेषिक दर्शन से भिन्न है जिसके अनुसार चेतना गुण आत्मा का सयोगिक गुण है जो उसे मन से सम्बन्ध होने के कारण मिलता है।

ब्रह्मसूत्र मे आगे आत्मा के आकार के विषय मे विवेचन है। आत्मा का अणुरूप वाला सिद्धान्त उपनिषदो के बराबर प्राचीन है। वैशेषिक दर्शन ने उसे स्वीकारा है। उपनिषदिक मान्यता होने के बावजूद ब्रह्मसूत्र ने उसे अस्वीकार किया है। आत्मा का आकार देह के आकार से जुड़ा है। आत्मा का वर्णन करने के लिए स्थानविषयक परिमाण अपर्याप्त है। वह तो विचार की प्रकृति जैसा है। उसे तो परमाणु जैसा सूक्ष्म और अनन्त कहा जा सकता है। वह अतिसूक्ष्म है और अनन्त भी। वैयक्तिक आत्मा कर्त्ता है, कर्म करने वाला है, कर्म का भोक्ता है। इस दृष्टि से वेदान्त विचार सांख्य विचार से भिन्न है जहां पुरूष मात्र आनन्द भोक्ता है, कर्त्ता नही। पर जब हम वेदान्तिक विचार को अधिक गहराई से परखते हैं तो मूल आपत्ति समाप्त हो जाती है। कर्तृत्व आत्मा का आन्तरिक गुण नही है। वह तो देह के सयोग से उत्पन्न होता है। पारिभाषिक शब्द मे हम यह कह सकते है कि आत्मा उपाधि के कारण कर्त्ता माना गया है। उसी उपाधि के कारण वह भोक्ता हो जाता है। इस प्रकार कार्य और आनन्द परकीय स्थितियो मे होते हैं। तथाकथित उपाधियां अनेक इन्द्रियों के कारण रचित है। इस दृष्टि से साख्य और वेदान्त के अनेक सिद्धान्त समान है। वैयक्तिक आत्मा की

individual self though appearing as a difference between the two schools does not constitute a real difference. The activity is explained away ultimately in the sutras. Activity in the individual is really due to Brahma himself or the *Antaryami*. Hence the individual soul is not a free agent. He acts because of the Isvara in him. But this control exercised by Isvara is assumed to be entirely consistent with the karmas of the individual. The inference of an Isvara is not as instance of an arbitrary act. He is himself determined by the karmas of the individual self.

The third chapter of Brahma-sutras contains the same topic about the soul. Transmigration is taken up. The soul retains its manas and suksma sarira after death. Hence it is not Free from Upadhi. It is still subject to decay and death. It is still tied to the wheel of Samsara. After death it may have its sojourn in different lokas. But nevertheless the individual must come back to the world because it is from here that it has to obtain final liberation.

A discussion of Dreams and Hallucinations--The doctrine of the four stages of the Self mentioned in the Upanisads finds a place here. The two kinds of knowledge; absolute and relative Paravidya and Aparavidya. The lower knowledge or aparavidya refers to the sacrifice and it is supposed to be related to Saguna Brahma whereas the Higher knowledge leads to Nirguna Brahma. The last and fourth chapter leads to Moksa. The two Vidyas lead to two different paths. The lower associated with worship of Isavara leads to Svarga whereas the higher resting upon the contemplation of Nirguna Brahma leads to Self Realisation and identification with Brahma. There is no distinction between the individual and the absolute. The upadhis being eliminated; the conditions being destroyed, the individual self finds the absolute. This is known as Mukti. It is direct of immediate realisation of the Self, whereas the former path through lower knowledge may ultimately lead to Mukti though not directly and immediately. The realisation of the self and the consequent liberation is brought about by Śamyagdarsana, the true path. There is true knowledge of the self. It is the state of perfect Nirvana. All qualities have withered away from Brahma. It is nirguna, nirvisesa. Thus qualityless and formless

गतिविधि यद्यपि दोनों संप्रदायों से भिन्न है पर उसे कोई विशेष यथार्थ भिन्नता नहीं कह सकते। सूत्र में इस गतिविधि की व्याख्या मिलती है। तदनुसार वैयक्तिक आत्मा में गतिवधि ब्रह्म अथवा अन्तर्यामी के कारण ही आती है। अतः वैयक्तिक आत्मा स्वतन्त्र कर्त्ता नहीं है। वह इसलिए कार्य करता है कि उसमे ईश्वर विद्यमान है। पर ईश्वर द्वारा यह नियन्त्रण व्यक्ति के स्वयं के कार्यों के माध्यम से होता हैं ईश्वर का अनुमान स्वच्छन्द कार्य का उदाहरण नहीं है वह स्वय वैयक्तिक आत्मा द्वारा किए कर्म से नियन्त्रित है।

ब्रह्मसूत्र का तृतीय अध्याय भी आत्मा से सम्बद्ध है। वहां जन्मान्तरण को लिया गया है। आत्मा मृत्यु के बाद मन और सूक्ष्म शरीर को स्वच्छ रखता है। अतः वह उपाधि से मुक्त नहीं है। वह जन्म और मृत्यु से फिर भी घिरा है, संसार से बंधा है। मृत्यु के बाद वह भिन्न भिन्न लोकों मे जन्म लेता है। फिर भी उस आत्मा को संसार में वापिस आना पडता है क्योंकि यही से उसे मोक्ष प्राप्त करना है।

स्वप्न और दृष्टिभ्रम या माया पर विचार

उपनिषदों में आत्मा की चार स्थितियों का चित्रण है। ज्ञान के वहां दो प्रकार है – परा विद्या और अपरा विद्या। अपरा विज्ञान निम्न कोटि का ज्ञान है जो यज्ञ से सम्बद्ध है और सगुण ब्रह्म से जुड़ा है जबकि परा विद्या उच्चकोटि का ज्ञान है जो निर्गुण ब्रह्म से सम्बन्ध रखता है। अन्तिम और चतुर्थ अध्याय मोक्ष पर है। दो विद्याओं के दो भिन्न–भिन्न मार्ग हैं। निम्न विद्या का मार्ग है ईश्वर–पूजा जो स्वर्ग तक ले जाती है। जबकि दूसरा मार्ग निर्गुणब्रह्म पर ध्यान करने का है जिससे आत्मानुभव होता है और ब्रह्म से मिलन होता है। यहां वैयक्तिक और पूर्ण आत्मा मे कोई अन्तर नहीं है। उपाधियों और स्थितियों के दूर हो जाने पर वैयक्तिक आत्मा पूर्ण आत्मा बन जाता है। इसे मुक्ति कहा जाता है। यह आत्मा का प्रत्यक्ष अनुभव है। निम्न मार्ग भी मुक्ति का मार्ग है। पर वह सीधा और शीघ्रता वाला मार्ग नहीं है। आत्मानुभव और फिर निर्वाण सम्यग्दर्शन से प्राप्त होता है। वही सही मार्ग है। वही आत्मा का यथार्थ ज्ञान है। वह पूर्ण निर्वाण की अवस्था है। ब्रह्म

He is beyond description--anirva-caniya. Thus ends the Brahma-sutras indicating the true nature of ultimate reality--the un-conditioned Brahma.

Sankara and Vedantism--Sankara represents a stage in the development of Vedantism. He lived about the 8th centure, a contemporary of Kumarila Bhatta, a student of Govinda, who was a disciple of Gaudapada. Sankara's Vedantism is expressed in his great commentaries on the Upanisads as well as Brahma-Sutras. His advaita is the logical outcome of Gaudapada's advaitism. It is most influential among the current schools of Indian thought. In his introduction to the great Bhasya on the Brahma-Sutras he says "It is a matter not requiring any proof that the object and subject whose respective spheres are the notions of Thou and Ego and which are opposed to each other as light and darkness. The two cannot be identified. Hence it follows that it is wrong to superimpose on the subject the attributes of object and *vice versa.*" Thus he starts with a sufficient warning that the subject and object are quite distinct and they should not be confounded with each other. He warns against the superimposition of attributes--Adhyasa. The subject should not be associated with the attributes of the object nor the object with those of subject. The two are distinct in kind. One is a cetana entity and the other an acetana thing. Sankara starts just where Sankhya started. There also Cetana Purusa is different from acetana Prakrti. Again the starting point of modern thought in Europe was the same. Descartes started with the distinction between the thinking thing and the extended thing. Yet by an inscrutable logic adopted by both Descartes and Sankara the goal reached by them is fundamentally different from the starting point. Cartesianism ends in Spinozistic monism where the ultimate substance engulfs all things Cetana and Acetana within itself. And similarly Sankara ends with an all-devouring absolute which could not brook by its side any other entity. Sankara in the same introductory passage suggests that this Adhyasa is a common vice of our experience and is due to our ignorance or avidya. The only way to get rid of it is by Vidya or knowledge. Thus Adhyasa or mutual confusion of self and nonself is the result of ignorance. It is on ignorance that all the duties enjoined in the scriptures are based. Hence the doctrine of Pramanas includes perception and inference. Several vedic texts enjoining various religious duties all have for their objects world which is the resultant of the avidya or ignorance. The world of objective reality is thus due to ignorance and even the vedic rites and injunctions are not exempted. These have no value for one who

से सारे गुण इस स्थिति में सूख जाते हैं। वह निर्गुण है, निर्विशेष है, निराकार है, अनिर्वचनीय है। इस तरह ब्रह्मसूत्र यहां समाप्त हो जाता है ब्रह्म की यथार्थ स्थिति का चित्रण करके।

शंकर और वेदान्त

शकर वेदान्त मे हुए विकास का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनका समय ईसा की लगभग आठवीं शती है। वे गोविन्द के शिष्य कुमारिल भट्ट के समकालीन थे। गोविन्द गौड़पाद के शिष्य थे। शकर का वेदान्त उनके उपनिषदो पर लिखी व्याख्याओ मे और ब्रह्मसूत्र में अभिव्यक्त हुआ है। उनका अद्वैतवाद गौडपाद के अद्वैतवाद का तार्किक प्रतिफल है। भारतीय दर्शनो में वह एक प्रभावक दार्शनिक सप्रदाय है। ब्रह्मसूत्र भाष्य की भूमिका मे उन्होने लिखा है "इस तथ्य को किसी प्रमाण की आवश्यकता नही है कि आब्जेक्ट (object) और सब्जेक्ट (Subject) एक दूसरे के विरोधी है प्रकाश और अन्धकार के समान। वे दोनो पहचाने नही जा सकते। इसलिए आब्जेक्ट पर सब्जेक्ट का और सब्जेक्ट पर आब्जेक्ट का अध्यारोपित करना गलत होगा।" उन्होने स्पष्ट किया कि सब्जेक्ट और आब्जेक्ट दोनो पृथक-पृथक् है। उन्हे एक नही समझना चाहिए। सब्जेक्ट चेतन है और ऑब्जेक्ट अचेतन है। अभ्यास के कारण दोनो को एक मान लिया जाता है। वैसे दोनो बिल्कुल स्वतन्त्र पदार्थ है। शकर ने भी अपना चिन्तन वही से शुरू किया जहा से साख्य ने किया था। साख्य मे चेतन पुरुष से अचेतन प्रकृति बिल्कुल भिन्न है। यूरोप मे भी इसी बिन्दु से विचार उठा। डेस्कार्ट ने चिन्तनीय वस्तु और विस्तृत वस्तु के बीच अन्तर को समझाया। फिर भी डेस्कार्ट और शकर द्वारा प्रयुक्त दुर्ज्ञेय तर्क द्वारा उद्देश्य प्राप्ति बिल्कुल भिन्न रही। कार्टोसिनिज्म स्पिनोजिस्टिक अद्वैतवाद मे समाप्त हो जाता है जहा अन्तिम पदार्थ चेतन और अचेतन दोनो को परिग्रहीत कर लेता है। इसी तरह शकर ने अध्यास को प्रस्तुत किया जो हमारी अज्ञानता का प्रतीक है। उससे मुक्त होने के लिए ज्ञान ही एक साधन है। चेतन और अचेतन के बीच भ्रान्ति का कारण इस तरह अध्यास ही है जिनके पास सम्यग्ज्ञान है उन्हे वैदिक क्रियाकाण्ड की आवश्यकता नही रह जाती। जाति सामाजिक स्थिति आदि पर विचार अध्यास का कारण ही होता है। वैदिक धर्म पर विचार का

possesses real knowledge. Distinctions of caste, status in society, etc. are all due to adhyasa. The conception of Vedic Dharma has meaning only with reference to Adhyasa, accidental conjunction of the true self with the extraneous conditions of caste, birth, etc. But for this false conception Vedic Dharma could have no meaning and no validity for Dharama pertains to Varna, which in turn depends upon the body and not upon the soul. Because of the false identity between soul and body we speak of one as a Brahmin or a Ksatriya. These attributes are true only of the body and yet are falsely associated with the self. Thus Sankara not only indicates the truth that the self and the environment are distinct but also suggests that the confusion and false identity is due to avidya. From a thinker who emphasised the danger of this philosophical error we should naturally expect consistently a system of philosophy strictly maintaining the opposites. On the other hand, Sankara offers just the reverse. He dismisses the distinction between self and non-self as unreal and unphilosophical. What is the nature of the external world according to Sankara? Gaudapada already compared it to a dream. Sankara accepts the same without question. The Diversity and objectivity of the world of things and persons are all illusory. The objective world around is but the maya of the juggler, the juggler in this case being Atman himself. Since the juggler himself is not a victim to his own illustion so the highest self is not affected by the world-illusion, The Whole of the external world is but the manifestation of Brahma or Atman. The substance of which this world is constituted being Cetana is genuinely akin to dreams. That it is a dream will not be evident to us so long as we are dreaming, so long as there is avidya When we wake from this dream to another world then the dream-world will vanish. When the individual wakes up into highest selfhood then he will understand the dreamlike illusory nature of his former experience. When he rids himself of over-powering avidya the multiplicity and objectivity will automatically disappear.

Is the individual atman real according to Sankara? The individual self shares the same fate as the objective world. All the other Indian systems of thought recognised individual atman to be eternal and uncreated. But in the hands of Sankara the individual soul dwindles into a shadow of a higher reality. In the passages emphasising his own advaita view he rejects the pantheistic view according to which the objective world and the individual self can be real and yet subsisting in the same universal. Several passages in the Upanisads compares the Brahma to a tree and the individuals to various branches

मूल कारण अध्यास है वर्ण आदि का सम्बन्ध भी अध्यास के कारण होता है। उसका सम्बन्ध देह से है, धर्म से नहीं। देह और धर्म मे मिथ्या एकात्मकता के कारण हम किसी को ब्राह्मण और किसी को क्षत्रिय कहते हैं। ये दैहिक गुण हैं, आत्मिक नहीं। शंकर आत्मिक सत्य की ओर ही सकेत नहीं करते बल्कि वे यह भी कहते हैं कि अविद्या के कारण यह भ्रान्ति होती है। शंकर ने चेतन और अचेतन के बीच अयथार्थ और अदार्शनिक अन्तर को स्पष्ट किया। शंकर के अनुसार फिर बाह्य सार की प्रकृति क्या है? गौडपाद नें इसकी तुलना स्वप्न से की है। शंकर ने भी बिना ननु नच किए इसे स्वीकार कर लिया है। सासारिक पदार्थों और पुरूषों का वैविध्य और उनकी वास्तविकता सब कुछ भ्रान्ति है। चारों ओर संसार है पर ऐन्द्रजालिक की माया के कारण ऐन्द्रजालिक स्वयं ही आत्मन् है। चूंकि ऐन्द्रजालिक स्वय अपनी ही भ्रान्ति से प्रभावित नहीं होता। इसी तरह उच्च आत्मा सासारिक भ्रान्ति से प्रभावित नहीं होती। सारा बाह्य संसार ब्रह्मन् या आत्मन् का प्रकाशन है। यह चेतन उसी में स्वप्न जैसी भ्रान्ति वश उसमे फसा हुआ है। वह स्वप्न है यह हमें तब तक समझ में नही आएगा जब तक हम स्वप्न देखते रहेंगे और अविद्या से संयुक्त रहेगे। जब हम इस स्वप्न से जागेंगे तब हमारा स्वप्न समाप्त हो जाएगा। जागने पर उसे स्वप्न भ्रान्त प्रतीत होगा। जब वह अविद्या से [illegible] हो जाएगा तो अनेकावस्था और वास्तविकता अपने आप समा[illegible] हो जाएगी।

शंकर के अनुसार क्या वैयक्तिक आत्मा यथार्थ है? वैयक्तिक आत्मा बाह्य संसार की तरह है। अन्य भारतीय दर्शनों में वैयक्तिक आत्मा को नित्य और अकर्ता माना गया है पर शंकर ने उसे उच्चतर यथार्थता में सिकोड़ दिया है। उन्होंने अपने अद्वैत पर जोर देते हुए कहा है कि बाह्य संसार और वैयक्तिक आत्मा यथार्थ हो सकते हैं और फिर भी उसी संसार में अस्तित्व में रह सकते हैं। उपनिषदों मे अनेक ऐसे उदाहरण उपलब्ध हैं जिनमें ब्रह्मन् की तुलना वृक्ष से और वैयक्तिक आत्मा की तुलना उसकी विभिन्न शाखाओं से

thereof. Unity and multiplicity are both real in organic life. So is the ocean one though the waves are many. So the clay is the same though the pots are many. These Upanisadic passages do not and need not necessarily imply the doctrine of the illusoriness of the world and individual selves. But such an interpretation Sankara does not want. He sternly rejects that as erroneous. He emphasises the unity as absolute. If the phenomenal world and individual souls are unreal then it would be against the practical notions of ordinary life. Such consequences are not disconcerting to Sankara. Such objections do not damage his position, because the entire complex of phenomenal existence is still true to a person who has not reached the true knowledge and realised his true self. As long as one is in ignorance the reality of the world and self is vouchsafed for him. He may behave as if these were true and his life not affected by the higher philosophical doctrine. Sankara's self is thus an absolute--a sort of Parmendiean absolute--eternal and unchanging.

What has Sankara to say about the several passages in the Vedic scriptures which speak of the creation and evolution of the world? If the world of concrete reality is illussory the Vedic doctrines of creation would have no meaning. This objection he wards off with the remark that the creating qualities of Brahma depends on the evolution of the germical principles Nama and Rupa. The fundamental truth that we maintain is that the creation, destruction and sustenance of the world all proceed from an omniscient and omnipotent principle and not from an unintelligent Pradhana. While maintaining absolute unity or Advaita of self how can thé above be maintained? The longing of the self--the name and form are the figments of Nescience. These are not to be either as being the same or different from it. The germs of the entire phenomenal world is called in the Sruti, Maya or Illusion, Sakti or Power, Prakrti or Nature. Different from these is the omniscient world. Hence the Lord depends upon the limiting adjuncts of Maya and Rupa the products of the avidya out of which Isvara creates the world. His being a creator, His ominiscience and omnipo-

की गई है। एकात्मता और विविधता दोनों इस ऐन्द्रियक जीवन में यथार्थ हैं। इसी तरह समुद्र एक हैं पर उसकी लहरें बहुत हैं। मिट्टी वही है पर वर्तन बहुत हैं। ये उपनिषदिक उद्धरण माया सिद्धान्त और वैयक्तिक आत्मा के सिद्धान्त को स्पष्ट नहीं करते परन्तु शंकर इस प्रकार की व्याख्या के पक्ष में नही दिखते। उन्होंने उसे बिल्कुल अस्वीकार कर दिया। उन्होने एकात्मता पर निरपेक्ष रूप से जोर दिया। यदि इन्द्रियगोचर संसार और वैयक्तिक आत्माए अयथार्थ हैं तो यह साधारण जीवन की व्यावहारिकता के विरुद्ध होगा। ऐसे परिणाम शकर को असहमत की ओर नहीं ले जाते। ऐसे विरोधी तर्क उनकी स्थिति को कमजोर नहीं बनाते क्योंकि सारा इन्द्रिय गोचरीय सासारिक अस्तित्व यथार्थ है उस व्यक्ति के लिए जिसने अभी तक न यथार्थ ज्ञान प्राप्त किया है और न सत्य आत्मा का अनुभव किया है। जब तक व्यक्ति अविद्या से भरा है संसार की यथार्थता और आत्मा की यथार्थता उसके लिए एक साक्ष्य है। वह इस प्रकार व्यवहार कर सकता है जैसे ये सब उसके लिए सत्य है। उसका जीवन उच्च दार्शनिक सिद्धान्त से प्रभावित नहीं है। शंकर का आत्मा का सिद्धान्त इस प्रकार नित्य और अपरिवर्तनशील है।

शंकर उन वैदिक उद्धरणों के विषय मे क्या कहना चाहते है जो संसार की सृष्टि और उसके विकास से सबद्ध है? यदि ठोस पदार्थमय ससार एक भ्रान्ति है, तो वैदिक सृष्टि सिद्धान्त निरर्थक सिद्ध होते हैं। इस विरोधात्मक तर्क का खण्डन वे यह कहकर कर देते हैं कि ब्रह्म की सर्जनात्मकता उत्पादक सिद्धांत नाम और रूप पर निर्भर करते है। यह एक मौलिक सत्य है कि ससार की उत्पत्ति, विनाश और संरक्षण एक सर्वज्ञ और सर्वशक्ति सम्पन्न के माध्यम से चलता है, अबौद्धिक प्रधान से नहीं। आत्मा की अद्वैतता की स्थिति में यह सिद्धान्त स्थिर कैसे रह सकता है? आत्मा की इच्छाएं नाम और रूप अज्ञानता की कल्पनाये है। ये न वही हैं और न उनसे भिन्न। समूचा इन्द्रिय गोचर ससार श्रुति और माया शक्ति या प्रकृति कहा जाता है। सर्वज्ञीय संसार उससे भिन्न है। फलतः ईश्वर अविद्या के उत्पादक नाम और रूप के सीमित सयोजक तत्त्वों पर निर्भर रहता है और इसी से वह सृष्टि करता हैं। सर्जक होने के कारण उसकी सर्वज्ञता और सर्वशक्ति सम्पन्नता अविद्या मूलक संयोजकों

tence all depend on the limitations due to those very adjuncts whose nature is avidya. From these passages extracted from Sankara Bhasya we have an idea of Sankara's philosophy. Ultimate reality is undivided and undivisible unity same as Upanisadic Brahma. The several vedic gods are but fractional aspects of this. Sankara wants the reader not to confound his system with the Vedic theology. He clears away adhyasa or error. His system is a streneous attempt at an accurate definition of atman. Through a very skilful dialectic all the qualities of the external world are shown to be alien to Brahma. Spatiality, objectivity, colour, sound, etc. all are with a psychological insight shown to be non-spiritual. By this process of elimination the essential nature of atman is clrealy defined as Atman. It is the only thinking thing Cetanadravya. Thinking is not merely an attribute of the Self. Self is thought. Atman is Cit. Having gone thus far Sankara is tied down to a philosophical doctrine which appears to be inconsistent with his own standpoint and also with thought and general tradition. Such a result is probably due to the following reasons. The Upanisadic writers spoke of the Brahma as the spiritual essence the leaven which leavens all things. In these passages the doctrine of atman exactly corresponds to Cartesian thinking substance. The Upanisadic passages did not negate the reality of the phenomenal world. When Sankara took up the doctrine he was confronted with a difficulty. Sankara could not accept the naive Upanisadic pantheism. He wants a clear definition of Atman. This naturally widened the gulf between subject and object. While these according to Upanisadic writers had vague common substratum. Not satisfied with this philosophic vagueness Sankara wanted to shift reality to the side of the subject or Cit. Hence Sankara not only finds atman identical with Cit but it is also identical with existence or Sat. If the Brahma is the soul and if the soul is the Brahma then the Sat must be Cit-existence and thought must be identical. If existence and thought are absolutely identical then anything other than thought will be unreal or Asat. The objective world is not Cit or thought. Hence it cannot be real or Sat. Sankara is compelled to propound the doctrine of the unreality of the objective world. What is the justification for such a conclusion. There is no doubt he is supported by certain Upanisadic passages as well as by

पर आधारित है। शकर भाष्य से उद्धृत इन उद्धरणों में हम शंकर के सिद्धान्त को समझ सकते हैं। अन्तिम सत्य अनिर्वाच्य है एक उपनिषदिक ब्रह्म के समान। अनेक वैदिक देवता इसी के अंग हैं। शकर वैदिक सृष्टि विद्या से अपने सिद्धान्त को निष्फल नहीं देखना चाहते। अन्तर युक्तता बाह्यता, रंग, आवाज आदि मनोवैज्ञानिक तत्त्व है जो अनात्मिक हैं। इन सभी को पृथक् करने पर आत्मा का स्वरूप स्पष्ट हो जाता है। वह एक चेतन द्रव्य है। चितन मात्र आत्मा का गुण नही है। आत्मा ही विचार है। आत्मा ही चित् है। इस तरह शकर का सिद्धान्त असगत सिद्ध होता है उन्ही की दृष्टि से। इसके निम्न कारण हो सकते हैं। उपनिषदिक लेखक ब्रह्म को आत्मिक सार के रूप मे प्रस्तुत करते हैं। इन उद्धरणो मे आत्मा का सिद्धान्त कोर्टेसियन के चिन्तन से मिलता–जुलता है। उपनिषदिक उद्धरण बाह्य ससार के अस्तित्व को अस्वीकार नही करते। शंकर ने जब इस सिद्धान्त पर विचार करना शुरू किया तो उन्हे अनेक कठिनाईयों से सामना करना पडा। शंकर उपनिषदिक सरल ईश्वरवाद को स्वीकार नही कर पाये। वे आत्मन् की स्पष्ट परिभाषा बताना चाहते हैं। इससे स्वभावतः चेतन और अचेतन के बीच एक खाई बन जाती है। इन उपनिषिदिक दार्शनिक सिद्धान्तो की अनिर्णीतता और सदिग्धता ने शकर को मजबूर किया कि वे यथार्थ तत्त्व को चित् की ओर ले जाए। परिणामतः शंकर ने आत्मा को भी चित् के समकक्ष ही नही रखा बल्कि उसे पूर्ण सत् स्वीकार कर लिया। यदि ब्रह्म आत्मा है और आत्मा ब्रह्म है तो सत् चित्–अस्तित्ववान् होना चाहिए और विचार तद्रूप होना चाहिए। यदि अस्तित्व और विचार समान है, एक है तो विचार को छोडकर बाकी सभी तत्त्व अयथार्थ और असत् सिद्ध हो जाएगे। बाह्य ससार चित् या विचार नहीं है। इसलिए वह यथार्थ या सत् नहीं कहा जा सकता। शकर तो बाह्य संसार की अयथार्थता को सिद्ध करने के लिए बाध्य हो गए। इस निष्कर्ष का आधार क्या रहा? इसमें कोई सदेह नही है कि उनके सिद्धान्त की पुष्टि में कतिपय उपनिषदिक उद्धरण रखे जा सकते हैं और उनके पूर्ववर्ती आचार्य गौडपाद भी उनका पक्ष लेते दिखाई देते है। पर हम यह भी देखते हैं कि बहुत सारे उपनिषदिक उद्धरण बाह्य सकट की अयथार्थता को प्रतीकात्मक ढग से व्यक्त करते है। उपनिषदिक सिद्धान्त की कार्टशियन सिद्धान्त से तुलना की जाती

some of his predecessors like Gaudapada. But we have to remember that many Upanisadic passages that declare the external world as unreal do so only metaphorically and comparatively. The Upanisadic doctrine compares with the Cartesian doctrine of gradation. The ultimate substance has the maximum of reality whereas man has less of that. But with sankara it is otherwise. For him a thing must be Sat or an Asat. To be real, a thing must be Cit and what is not Cit must necessarily by Asat. Thus after establishing the reality of atman and the illusoriness of the rest Sankara is confronted with an extraordinary difficulty to reconcile his philosophy with the common-sense view on the one hand and the traditional Vedic religion on the other. He manages this by his distinction between Vyavaharika and Paramarthika points of view. For all practical purposes and for the ordinary affairs of religion the world may be taken as real though philosophically it is no more than the phantom of a deluded personality. Many Vedantins bring in the parallel of Kant who also has a duality. The world is empirically real but transcendentally ideal. But we should protest against such a comparison. For Kant recognises the so-called thing-in-itself which is the ultimate source. The phenomenal world is the resultant of the interaction between thing-in-itself and Ego-in-itself--the one supplies the stuff and the other the form. That is one of the reasons why Kant protests against Berkley and wanted to keep his philosophy entirely different from that. Sankara's advaitism is fundamentally different from Kant's phenomenalism. He is more akin to Fichte's. Even this resemblance is superficial for the monistic idealism of Fichte is only a metaphysical explanation of moral value. According to Fichte the world of objective reality is a stage or an arena created by the Ego for its own moral exercise. Moral value is the pivot on which Fichte's monism revolves. But for Sankara all these values have reference to human life and human personality and therefore must be relegated to the realm of illusions from the higher point of view. In his own words "The external world as well as individual personality are maya, asat, nothing else."

हैं। अन्तिम तत्त्व मे सर्वाधिक यथार्थ रहता है जबकि मनुष्य में उससे कम। परन्तु शकर का सिद्धान्त इससे उल्टा है। उनकी दृष्टि में पदार्थ सत् या असत् होना चाहिए। यदि यथार्थ है तो उसे चित् होना चाहिए, यदि चित् नहीं है तो फिर उसे असत् होना चाहिए। आत्मन् की यथार्थता को प्रस्थापित करने और शेष को भ्रान्त सिद्ध करने के बाद शकर को एक असाधारण कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्हे अपने सिद्धान्त को सर्व साधारण की दृष्टि से समाधानित करना पड़ा और पारम्परिक वैदिक सिद्धान्त से भी समझौता करना पड़ा। इसी समझौते से उन्होंने व्यावहारिक और पारमार्थिक दृष्टियो मे अन्तर स्थापित कर लिया। व्यावहारिक और सर्वसाधारण धार्मिक दृष्टि से ससार यथार्थ है यद्यपि दार्शनिक दृष्टि से यह मोही व्यक्ति की प्रतिच्छाया से अधिक और कुछ नही है कान्ट के समान अनेक वेदान्ती भी द्वैतवादी रहे हैं। ससार व्यवहारतः यथार्थ है पर परमार्थतः आदर्श है। परन्तु हमे इस प्रकार की तुलना का विरोध करना चाहिए। क्योंकि काण्ट तथाकथित वस्तुतत्त्व को स्वीकार करता है जो एक अन्तिम साधन है। इन्द्रियग्राह्य संसार वस्तुतत्त्व तथा अह के बीच बना अन्तर सम्बन्ध का फल है। उनमे एक द्रव्य देता है और दूसरा आकार निर्माण करता है। यही कारण है कि काण्ट बर्कले का खण्डन करता है और अपने दर्शन को उससे बिलकुल अलग रखना चाहता है। शंकर का अद्वैतवाद काण्ट के दृष्टिज्ञानवाद से मूलत. भिन्न है। वह फिक्ते (Fichte) के अधिक नज़दीक है। यह समानता भी बाह्य है क्योकि फिक्ते का वेदान्तिक आदर्शवाद आज नैतिक मूल्य का तत्त्वज्ञानिक स्पष्टीकरण है। फिक्ते के अनुसार बाह्य यथार्थ का ससार अह के द्वारा सरचित एक क्षेत्र है अपने नैतिक समाधान के लिए। नैतिक मूल्य एक केन्द्रीभूत तत्त्व है जिस पर फिक्ते का अद्वैतवाद घूमता है। परन्तु शकर के लिए इन सभी मूल्यो का सम्बन्ध मानवीय जीवन और व्यक्तित्व से है। इसलिए उच्च दृष्टि से उसे भ्रान्ति के ओर ढकेल देना चाहिए। उन्ही के शब्दों में "बाह्य संसार और वैयक्तिक व्यक्तित्व माया और असत् है, अन्य कुछ नही।"

Sankara and the Doctrine of Maya--Speaking of the External world Sankara says it is all maya or illusion and yet he with other vedantins repudiates the doctrine of Budhism that the external world is purely psychical and as such has no substantiality of its own. What is the significance of this paradoxical attitude? According to the Sankhyan doctrine as to the origin and nature of the world the External world is evolved out of Prakrti which being opposed to Purusa is Acetana. It is more or less similar to the modern scientific "Matter". Besides this Prakrti Sankhya postulates the esistence of the Purusas. Now for the Vedantin everything existing is the manifestation of Brahma. The Brahma being Cetana entity it is not difficult to derive individual souls therefrom. But the Vadantin derives the external world also from the same. But the external world is acetana entity and is therefore opposed to thought. Hence it cannot be easily derived from Brahma. Sankara certainly has recognised the fundamental difference between the two Cetana and Acetana and warns the reader against confusion. Yet he wants to logically maintain that every thing living and non-living is derived from the same Brahma. He tries to reconcile the two irreconcilable doctrines. First he maintains that the subject is quite independent of the object and the two have nothing in common and that all ills of life are due to confusion between the two. Secondly he wants to show that there is only one existence ultimate and real and that all else is purely derivative. If he is successful in establishing the former doctrine (the distinction between the subject and object) he cannot at the same time maintain the latter. The actual result is he introduces a sort of make-believe reconciliation. The objective world is something derived from maya. Maya is the substantial and constitutive of the external world. The stuff of which objective world is made is variously described as Maya Prakrti and Pradhana. He thus introduces Sankhyan terminology in order to emphasise its distinction from Purusa. Pursuing this line of thought he ought to have got the conclusion that the external world is constituted by a substance fundamentally distinct from and incompatible with Self or Brahma. This would have landed him in a dualism which he streneously tries to avoid. Thus the problem with him was

शंकर और मायावाद

बाह्य ससार के विषय में शंकराचार्य कहते हैं कि वह सब बिलकुल माया है। फिर भी अन्य वैदान्तिक आचार्यों के समान वे बौद्ध सिद्धान्त का खण्डन करते है कि बाह्य ससार मात्र मानसिक है। उसमें कोई गंभीरता नहीं है। इस विरोधाभासी कथन का क्या महत्त्व है? सांख्य सिद्धान्त की दृष्टि से बाह्य संसार का विकास प्रकृति से हुआ है जो पुरूष का प्रतिपक्षी है और अचेतन है। उसे आधुनिक विज्ञान में मान्य मेटर (matter) कहा जा सकता है। प्रकृति के अतिरिक्त सांख्य पुरूष के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। वेदान्त के अनुसार सब कुछ ब्रह्मन् का प्रकाशन है। चेतन होने के कारण ब्रह्मन् से आत्माओं की निष्पत्ति बताना कठिन नहीं है। पर वेदान्ती उससे बाह्य संसार को भी निष्पन्न मानते है। पर बाह्य ससार अचेतन है, इसलिए उस विचार के विपरीत है। अतः वह ब्रह्मन् से निष्पन्न नही कहा जा सकता। शंकर ने चेतन और अचेतन के बीच अन्तर को स्पष्ट किया है और पाठक को भ्रान्ति से सावधान किया है। फिर भी वे तार्किक दृष्टि से यह सभावना बनाए रखे हुए हैं कि चेतन–अचेतन सब कुछ ब्रह्मन् से निष्पन्न हुआ है। वे दो असमाधानीय सिद्धान्तों को समाहित करने का प्रयत्न करते है। प्रथमतः वे कहते है कि चेतन अचेतन से बिलकुल स्वतन्त्र है, दोनों में कोई भी तत्त्व समान नही हैं और जीवन मे सारी बुराइयां इन दोनो के बीच उत्पन्न सन्देह से पैदा होती है। दूसरी बात, वे यह कहना चाहते है कि एक ही चरम और यथार्थ सत्य है और अन्य सब कुछ उससे निष्पन्न है। यदि वे अपने प्रथम सिद्धान्त की स्थापना सफलता पूर्वक करते है चेतन और अचेतन मे अन्तर स्थापित करते है तो उसी समय वे दूसरे सिद्धान्त की स्थाना नही कर सकते। सही परिणाम यह है कि वे एक प्रकार से विश्वास पैदाकर उसे समाहित करना चाहते है। बाह्य संसार मायाजन्य है जिसे माया, प्रकृति और प्रधान कहा जाता है। इस तरह वे साख्यों की पारिभाषिक शब्दावली का उपयोग कर पुरूष से अन्तर स्थापित करना चाहते है। इस दृष्टि से उन्हें इस निष्कर्ष पर पहुचना चाहिए था कि बाह्य पदार्थ की निष्पत्ति ब्रह्मन् से पृथक् किसी अन्य पदार्थ से हुई है। इस द्वन्द्वात्मक स्थिति से मुक्त होने के लिए उन्होने यह सब प्रयत्न

to retain the Sankhyan dualism just to emphasise the distinction between the subject and object and at the same time to maintain Vedantic monism. In this attempt at a compromise his language becomes ambiguous and his own attitude wavers between Dualism and Monism. he satisfied himself by introducing two kinds of existence or Sat corresponding to Purusa and Prakrti and yet these two kinds of Sat he wants to derive from the Cetana Brahma. Beyond the Brahma there could be no existence, he being the only Sat as well as the only Cit. Hence the Prakrti which Sankara requisition to explain the external world is not only acit, non-thought, but also asat--non-real. Being asat inasmuch as it is distinct from Brahma, it must be identical with mere nothing and yet it must be substantial enough to be the basis of objective world. It is such an impossible function assigned to Maya by Sankara. He cannot condemn it altogether to be nothing for he expects real work out of it and so far it must have some causal potency. But on this account he dare not recognise its reality lest it should set up an imperium in imperio a rival claimant to the throne of Brahma. Therefore Sankara relegates Maya to the metaphysical purgatory where it is expected to live the life of something midway between absolute being and absolute nothing. What he further means by this curious amalgam of someting-nothing we do not clearly appreciate. It is because of this precarious reality of Maya that he is able to make his readers believe that in his monism the objective reality maintains a greater dignity than assigned to it by the Buddhists. In short to avoid the sunyavada Sankara invents the impossible dectrine of Maya which lends plausibility to his system which would otherwise be untenable and also indistinguishable from Buddhistic nihilism. It was because of this indistinguishability between Buddhism and advaitism that Indian critics condemned advaita as Buddhistic nihilism in camouflage and called Sankara a Pracchanna Bauddha, a bauddha in disguise.

किया। इस तरह उनके साथ समस्या थी सांख्य के द्वैतवाद को बनाए रखना ताकि चेतन और अचेतन में अन्तर स्पष्टतः समझ में आता रहे और साथ ही वेदान्तिक अद्वैतवाद भी बना रहे। इस प्रयत्न मे उनकी भाषा में अस्पष्टता आ गई और उनके प्रयत्न ने द्वैतवाद और अद्वैतवाद को दोलायमान कर दिया। शकर ने पुरुष और प्रकृति के समकक्ष दो प्रकार के अस्तित्वों की कल्पना कर स्वयं को सन्तुष्ट कर लिया। पर वे इस अस्तित्व को चेतन ब्रह्म से निष्पन्न बताना चाहते हैं। ब्रह्मन् के अतिरिक्त और कोई सत् नही है। वही सत् है। और वही चित् है। फलतः जिस प्रकृति की वे बात करते हैं वह उचित है और असत् भी। असत् होने से वह ब्रह्मन् से पृथक् है और अकिञ्चित् से मिलता-जुलता है फिर भी वह काफी ठोस होना चाहिए बाह्य ससार का आधार सिद्ध होने के लिए। शंकर ने यह असभवनीय कार्य माया को सौपा। वे उसकी एकदम निन्दा भी नहीं कर सकते क्योंकि वे उससे वास्तविक कार्य की अपेक्षा करते है। इसलिए उसमे कोई न कोई कारणिक शक्ति निहित होनी चाहिए। परन्तु इस कारण से वे उसकी यथार्थता को स्वीकार करने का साहस नही कर सके। इस आशका से कि उसे ब्रह्मन् के सिंहासन पर प्रतिद्वन्द्वी न बैठ जाए। इसलिए शकर ने माया को निर्वासित कर दिया तत्त्वज्ञानिक परिशोधक के पास जहा यह आशा की जाती है कि चरम चेतन और चरम अचेतन के बीच कही रहा जा सके। कुछ और कुछ नही के समिश्रण से वे आगे जो कहना चाहते है उसे हम स्वीकार नहीं कर सकते। माया की इस पराश्रित यथार्थता के कारण वे अपने पाठक को यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि उनके वेदान्तिक अद्वैतवाद में बाह्य यथार्थता कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण है बौद्धों की तुलना में। संक्षेप मे शून्यवाद का अपलाप करने के लिए शकर ने मायावाद का सृजन किया जो सत्याभास का द्योतन करता है। इसी स्थिति में वह अरक्षणीय हो जाता है और बौद्ध शून्यतावाद से उसकी पृथक् पहचान भी नहीं बनाई जा सकती है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय समीक्षकों ने अद्वैतवाद को बौद्ध शून्यतावाद के छलावरण में उत्पन्न वाद कहकर उसकी निन्दा की है और शंकर को प्रच्छन्न बौद्ध कहा है।

Brahma : Sat as well as Cit, Existence and Intelligence, but for Vedantin it is something more. It is not merely the substratum of the concrete world, it also stands for the transcendental goal of life. It stands for the other world to which every Indian thinker looks forward. It is that higher reality which the Indian aspires to as a haven from the ocean of Samsara, a place of rest from the toils of transmigration. It corresponds to Buddistic Nirvana, the Samadhi of the Yogin, the Liberated Purusa of the Sankhyas and the God Isvara of Nyaya Vaisesikas. If it is to be the negation of the ennui of Samsara to be the end of the misery of concrete life, to be the place from where there is no return, it must embody in itself something unique and that is absent in the world of Samsara, an unalloyed and unchanging Bliss which knows not its opposite. The Brahma therfore besides Sat and Cit is Ananda as well. It represents that transcendental bliss which no man has tasted here and which everyone is entitled to have if he walketh the path of liberation. Such a transcendental bliss is entirely different from the ephemeral pleasure of the world. Else it would not be sought after by the wise. Hence the Brahma must also be Ananda, Bliss or Joy. This absolute reality Sat Cit Ananda is the ultimate concept of Vedantism. It not only serves as the metaphysical cause of things existing, but also stands for the light shining in individual souls. It also represents the goal to which the whole creation moves. It is not only the beginning but also the end of things. Climbing the pinnacle of Metaphysical monism Sankara finds it hard to recognise the claims of ordinary mortals in his system. He cuts the Gordian Knot by invoking the aid once again of the doctrine of the distinction between the relative and the absolute points of view. There is no justification for the demands of eithe eligion or morality in an absolute monism. In the ratified atmosphere of monism neither morality nor religion can breath and live. The inevitable conclusion of his logic may not be realised by the oridinary man nor accepted by the orthodox scholar. The Vedic scholars have faith in the injunctions of the Vedas and may still believe in the beneficial effect of sacrifice. The unsophistical man of the religion associates with absolute reality, the object of his religious adoration and worship and maintains that to be the fountain head of all good and valuable. The metaphorical conception of Brahma, therfore, must live side by side with popular religion and must live in accordance with Vedic ritualism. Sankara manages to satisfy all these demands by postulating the fictitious deity of a lower Brahma who may be considered real from the practical and relative point of view though he cannot hide his real inanity from the vision of the enlightened. The ordinary man

ब्रह्मन्

ब्रह्मन् सत् और चित् है। पर वेदान्तियों के लिए वह इससे भी अधिक है। वह ठोस जगत् का मात्र आधार ही नहीं है, वह जीवन के चरम सत्य का भी आधार है। वह उस लोक का भी अधिष्ठान है जिसके विषय मे प्रत्येक भारतीय आगे बढ़कर सोचता है। ब्रह्म उच्चतर ऐसा पदार्थ है जिसे भारतीय चिन्तक संसार समुद्र के सामने स्वर्ग समझता है, वह बौद्धों का निर्वाण है, योगियों की समाधि है, साख्यो का मुक्त पुरूष है और न्याय वैशेषिकों का ईश्वर है। यदि वह ससार की मानसिक जड़ता का निषेधात्मक रूप है, सासारिक दु:खो को अन्त करने रूप साध्य है, ऐसा स्थान है जहा से लौटा नही जा सकता, तब उसे अद्वितीय माना जाना चाहिए। वह एक अपरिवर्तनीय सुख है जो ससार मे उपलब्ध नहीं है इसलिए ब्रह्मन् सत् चित् के साथ ही आनन्द भी है। वह एक अतीन्द्रिय सुख है जिसे किसी ने भी यहा चखा नही है। निर्वाण मार्ग पर चलकर प्रत्येक व्यक्ति उसे पाने का अधिकारी है। यह अतीन्द्रिय सुख सासारिक भौतिक सुख से बिलकुल भिन्न है। यह सत्, चित्, आनन्द वेदान्त का साध्य है। वह मात्र अस्तित्व का तत्त्वज्ञानीय कारण नही है पर वह प्रत्येक आत्मा मे एक प्रकाश पैदा करने वाला तत्त्व भी है। वह एक साध्य भी है। वह आदि है और अन्त भी। तत्त्वज्ञानीय अद्वैतवाद के शिखर पर चढते हुए शकर को यह कठिनाई का अनुभव हुआ है कि किसी भी साधारण व्यक्ति ने उनके अद्वैतवाद को स्वीकार नही कर पाया। उन्होने एक बार पुनः पूर्ण और सापेक्ष के बीच अन्तर बतलाकर गाठ खोलने का प्रयत्न किया है। इसमे कोई औचित्य दिखाई नही देता कि कोई पूर्ण अद्वैतवाद मे धर्म अथवा नैतिकता की माग करे। अद्वैतवाद के परिष्कृत वातावरण मे न नैतिकता जीवित रह सकती है और न धर्म। उनके तर्क का उपसहार न साधारण आदमी के पल्ले पडेगा और न उस पारम्परिक विद्वान स्वीकार कर पायेगा। वैदिक विद्वान वेदो की आज्ञा के पालन करने मे विश्वास रखते है और यज्ञ के लाभकारी प्रभाव पर अभी भी श्रद्धा करते है। विशुद्ध धार्मिक व्यक्ति पूर्ण यथार्थता के साथ जुड़ा रहता है और शुभ और मूल्यवान् के प्रवाह को जारी रखता है इसलिए ब्रह्म का प्रतीकात्मक विचार लोकप्रिय धर्म के साथ–साथ चलता है और

may continue his traditional worship, the orthodox vaidika may perform his usual sacrifices quite unperturbed on the assumption that there is an object of devotion and worship in his Isvara. In this matter, Sankara seems to take a lesson from the Mimamsakas who repudiate the conception of a God at the same time insisting upon the efficacy of worship and sacrifices which they hold are intrinsically efficacious not depending upon Isvara. Sankara agrees with Kumarila the great Mimamsaka teacher and lets alone the traditional ritualism unhampered by metaphysical speculation. It is a peculiar mentality the like of which we have in Hume. After proving the unsubstantiality of human personality and the external world Hume exclaims that the world will go on, nevertheless, as if these things were quite real. This kind of estrangement between life and mataphysics life getting on in spite of metaphysics would only establish the undeniable truth that life is more than logic. To allow concrete life to exist by sufference, to recognise its reality from the vyavaharika point of view, may instead of proving the reality of the concrete world, really establish the bankruptcy of the underlying Metaphysics.

Jainism, its Age and its Tenets

